दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर....



सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव


वर्ष : 12 | अंक : 165 | लखनऊ, 09 जून, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


### एमएलसी चुनाव को लेकर आरजेडी में कलह

**पटना।** बिहार एमएलसी चुनाव में राजद ने सुनील सिंह को दूसरी बार मौका दिया है। जिनकी जीत पक्की है। पार्टी के इस फैसले के बाद पार्टी के एससी एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया से चर्चा कर उन्होंने इसकी जानकारी दी। इस दौरान वे कैमरे के सामने फूट-फूटकर रोने लगे। कहा कि दलित समाज को उचित सम्मान नहीं दिया गया है।



### सस्पेंड सिपाही बन गया डकैती का मास्टर माइंड


**हापुड़।** पुलिस से सस्पेंड हुआ सिपाही डकैती का मास्टर माइंड बन गया। उसके गिरोह का पुलिस से एनकाउंटर हुआ जिसके बाद उसे साथियों संग काबू कर लिया। कारोबारी के घर डकैती को अंजाम देने वाले डकैतों के गिरोह के साथ हापुड़ देहात पुलिस ने मोर्चा लिया। एनकाउंटर में शामिल दो घायल बदमाश समेत पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### बंगाल में सीबीआई जांच की खुली छूट मिली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में सीबीआई को जांच करने की पूरी छूट देने का बड़ा फैसला किया है। अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीई) एक्ट, 1946 के तहत सीबीआई को राज्य में केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की जांच को अनुमति दी है।



### ऋतब्रत को नेता प्रतिपक्ष बनाने को चुनौती दी

**कोलकाता।** बंगाल की राजनीति में उथल-पुथल के बीच टीएमसी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंची है। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्रनाथ बोस के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें ऋतब्रत बेनर्जी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी है। इस पर 11 जून को सुनवाई होगी।



### सीएम विजय की आलोचना पर यूट्यूबर गिरफ्तार

**चेन्नई।** लोकप्रिय यूट्यूबर मारिदास को सोमवार को चेन्नई साइबर क्राइम पुलिस ने मदुरई स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय और उनकी टीवीके सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार मानहानिकारक टिप्पणियां प्रसारित कीं। सरकार की आलोचना कर रहे थे।



### खान सर की जमानत पर आज होगा फैसला

**पटना।** दो कोचिंग के संचालकों के बीच का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। फायरिंग मामले में शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर और उनके अंगरक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उनके वकील कोर्ट पहुंचे। वकील ने जमानत की याचिका दायर की। कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी।



### योगी सरकार का इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के साथ जॉब्स बढ़ाने पर जोर

# यूपी बनेगा देश का नया 'टेक्सटाइल हब', 5 जिलों में 326 एकड़ पर विकसित होंगे आधुनिक अपैरल पार्क

*उत्तर प्रदेश के वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पांच बड़े टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जमीन का चयन कर लिया गया है...*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ,

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार राज्य में टेक्सटाइल उद्योगों को विकसित करने में जुटी है। सरकार यूपी में चार टेक्सटाइल पार्क परियोजनाओं पर काम कर रही है। सरकार का उद्देश्य इन उद्योगों के जरिए राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ रोजगार के अवसर पैदा करना है।

उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख टेक्सटाइल एवं परिधान विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में संत कबीर टेक्सटाइल एवं अप्पारैल पार्क योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार ने वाराणसी, अमरोहा, बरेली, संत कबीर नगर और बिजनौर में पांच बड़े टेक्सटाइल पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। इन पार्कों के लिए कुल 326 एकड़ से अधिक भूमि का चयन किया गया है। सभी भूमि पार्सलों के हस्तांतरण को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

**खास बातें**

- संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना ने पकड़ी रफ़्तार
- प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर का काम तेज



### परियोजना के लिए प्राधिकरण गठन की अधिसूचना

परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण गठन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। राष्ट्रीय वस्त्र अनुसंधान संस्था की ओर से वाराणसी पार्क की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है, जबकि शेष चार पार्कों की संशोधित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उद्योग जगत के सुझावों को शामिल करते हुए इन रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वाराणसी के रामना टेक्सटाइल पार्क को शीघ्र विकसित करने के लिए संपर्क मार्ग निर्माण का कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुबंध की कार्यवाही प्रगति पर है।

### पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे पार्क

इस योजना के तहत वाराणसी के रामना में 75 एकड़, अमरोहा में 79.825 एकड़, बरेली के बहेड़ी में 79.580 एकड़, संत कबीर नगर के मगहर में 39.490 एकड़ तथा बिजनौर के नगीना में 52.910 एकड़ भूमि पर पार्क विकसित किए जाएंगे। सभी परियोजनाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करना है।

### ईको-फ्रेंडली और ग्रीन मॉडल पर विशेष ज़ोर

योगी सरकार इन पार्कों को पूरी तरह से वैश्विक पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप विकसित कर रही है। इसके तहत पर्यावरण स्वीकृति, भूजल उपयोग की अनुमति और वन विभाग की अनापत्ति से संबंधित प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा, अन्य चार पार्कों के लिए 'मास्टर डेवलपर' का चयन करने हेतु पीपीपी आधारित निविदा दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

### एमएलसी नहीं, फिर मंत्री कैसे?

## दीपक प्रकाश की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर



पंचायती राज मंत्री की दोबारा मंत्री पद कानूनी विवादों में घिर गई है

अमन लेखनी समाचार/पटना,

बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की दोबारा मंत्री पद पर नियुक्ति अब कानूनी विवादों में घिर गई है। उनकी नियुक्ति को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिससे राजनीतिक और संवैधानिक बहस तेज हो गई है। याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में दावा किया है कि दीपक प्रकाश वर्तमान में न तो विधानसभा के सदस्य हैं और न ही विधान परिषद के। इसके बावजूद उन्हें दोबारा मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है।

### सदस्यता नहीं होने पर नियुक्ति पर आपत्ति

याचिका में कहा गया है कि संविधान किसी गैर-विधायक को मंत्री बनाए जाने की अनुमति देता है, लेकिन निर्धारित समयसीमा के भीतर उसे विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी होता है। इसी आधार पर नियुक्ति की वैधता पर सवाल उठाए गए हैं।

### अदालत से हस्तक्षेप की मांग

याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि मंत्री पद पर दीपक प्रकाश की नियुक्ति की संवैधानिक वैधता की जांच की जाए। साथ ही मामले में उचित आदेश जारी करने की मांग भी की गई है।

### एनडीए की सूची से नाम गायब

इसी बीच बिहार में विधान परिषद चुनाव के लिए एनडीए ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची में दीपक प्रकाश का नाम शामिल नहीं किया गया है, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें बढ़ गई हैं।

### इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद कांग्रेस ने राजनीतिक संदेश दिया

# आगामी समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरेंगे, 5 बड़े मुद्दों पर बनी सहमति

### मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाया जाएगा

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

दिल्ली में इंडिया बगठबंधन की मैराथन बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। खरगे ने कहा कि सभी दलों ने अपनी राय रखी। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि विपक्षी दल अब और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन 5 बड़े मुद्दों पर एकमत हुआ है और आगामी समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरने की तैयारी की जाएगी। खरगे ने नीट पेपर लीक मामले को युवाओं के भविष्य के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां लाखों छात्रों की मेहनत और उम्मीदों को बर्बाद कर रही हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन मानसून सत्र में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा और छात्रों के साथ न्याय की मांग करेगा।




बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल दल

### इन मुद्दों पर सारा विपक्ष एकजुट दिखा

2024 के लोकसभा चुनावों के बाद सोमवार को पहली बार दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडी गठबंधन की बैठक हुई। इस बैठक में सभी ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। सभी ने अपनी राय रखी। हम 5 मुद्दों पर सहमत हुए।

### 2029 की लड़ाई की तैयारी शुरू

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इंडिया ब्लॉक अब सिर्फ संसद तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि 2029 लोकसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू कर चुका है। विपक्षी दल लगातार मुद्दों पर बात कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर एकमत दिखे

- खरगे ने बताया कि एसआईआर, वोट की लूट और चुनाव में धांधली के बारे में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने पर सहमति बनी है। यह पत्र जल्द ही भारत के मुख्य न्यायाधीश को सौंपा जाएगा।
- कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा मंत्री के तुरंत इस्तीफे की मांग पर सर्वसम्मति से सहमति बनी, क्योंकि उनकी देखरेख में नीट औरसीबीएसई परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों युवाओं के साथ धोखा हुआ।
- खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार को मौजूदा नाजुक आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दों और लोगों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।
- कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि सभी पार्टियां हर दो महीने में बैठक करेंगी। संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के नेता के कार्यालय में हर सुबह बैठकें करके संसद में तालमेल बनाए रखा जाएगा।
- विपक्षी गठबंधन की यह बैठक 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद हुई है। यह बैठक ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के अनुरोध पर बुलाई गई थी, जो पश्चिम बंगाल में 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद हार गई थी और अब उन्हें पार्टी के भीतर असंतोष का सामना करना पड़ रहा है।

## अन्य दलों ने भी सरकार और पार्टियों पर साधा निशाना

### ममता-केजरीवाल के कारण टूटा गठबंधन: झा

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने गठबंधन के कमजोर होने के लिए अरविंद केजरीवाल और ममता बेनर्जी को जिम्मेदार ठहराने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आप ने इस टिप्पणी पर कड़ा पलटवार किया है।

### जदयू अपनी पार्टी पर ध्यान दे: भारती

आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि सझा को विपक्षी दलों की राजनीति पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। जदयू के भविष्य पर सोचे।

### भाईचारे को मजबूत करना जरूरी: यादव

बैठक से पहले सपाप्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन विधानसभा चुनावों पर भी नजर रखे हुए है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भाईचारे को मजबूत करना जरूरी है।

### एसआईआर से भाजपा जीती: ममता

ममता बेनर्जी ने बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप लगाया कि एसआईआर से भाजपा को फायदा हुआ। चुनाव आयोग ने भाजपा को चुनाव जिताने में मदद की।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## शादी से पहले 'शारीरिक संबंध' सामान्य बात, कोई अपराध नहीं

भर्ती उम्मीदवार की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की



अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि शादी से पहले सहमति से बने 'शारीरिक संबंध' किसी के कैरेक्टर पर काला धब्बा नहीं हो सकते। ये रिलेशन खराब नैतिक चरित्र का सर्टिफिकेट नहीं माना जा सकता है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने तेलंगाना पुलिस कांस्टेबल भर्ती से जुड़े एक मामले में उम्मीदवार गजुला तिरुपति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए ये बड़ा बयान दिया है। मामले के अनुसार उम्मीदवार का चयन पुलिस कांस्टेबल पद के लिए हुआ था, लेकिन बाद में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। सलेक्शन बोर्ड ने पाया था कि वह पहले एक क्रिमिनल केस आरोपी रह चुका है। आरोप था कि उसने अपनी पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से शादी का वादा कर कई सालों तक संबंध बनाए, लेकिन बाद में किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। यह मामला साल 2015 में लोक अदालत में समझौते के माध्यम से समाप्त हो गया था।

### भर्ती बोर्ड की मानसिकता पर उठाया सवाल

उम्मीदवार ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान इस आपराधिक मामले की जानकारी स्वयं अपने सत्यापन फॉर्म में दी थी। उस पर कोई तथ्य छिपाने का आरोप नहीं था। इसके बावजूद भर्ती बोर्ड ने उसे 'नैतिक अधमता' से जुड़े अपराध में शामिल मानते हुए पुलिस सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियोक्ता किसी उम्मीदवार की उपयुक्तता का आकलन कर सकते हैं, लेकिन उनका निर्णय मनमाना नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने पाया कि इस मामले में भर्ती बोर्ड ने यह मान लिया था कि लोक अदालत में हुआ समझौता अपराध स्वीकार करने के बराबर है, जबकि इसके समर्थन में कोई आधार नहीं था।

### ऐसा कोई कानून नहीं जो...

कोर्ट ने कहा कि आज शादी से पहले शारीरिक संबंध सामान्य बात है। सिर्फ इस आधार पर किसी व्यक्ति के कैरेक्टर पर नेगेटिव कमेंट नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि आज के समय में ऐसे विवाह-पूर्व संबंध सामान्य हैं। दो अविवाहित वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना शारीरिक संबंध किसी व्यक्ति के चरित्र के बारे में धारणा बनाने का आधार नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई कानून नहीं है जो दो सहमत अविवाहित वयस्कों को अपनी पसंद का संबंध रखने से रोकता हो।

### ईसी ने दिए नए निर्देश

## बीएलओ अब मतदाता सूची में विदेशी घुसपैठियों पर भी नजर रखें

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

वोटर लिस्ट की सूक्ष्मता से करें पड़ताल



वोटर लिस्ट की जांच के दौरान अब संदिग्ध विदेशी घुसपैठियों की पहचान भी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) को इसके कड़े निर्देश दिए हैं। घर-घर जाकर सर्वे करने के दौरान अगर कोई संदिग्ध विदेशी निवासी मिलता है, तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। आयोग का कहना है कि यह कदम मतदाता सूची को ज्यादा सटीक और अपडेट रखने के लिए उठाया गया है। संदिग्ध विदेशी नागरिकों से जुड़े इन मामलों को नागरिकता अधिनियम के तहत करें। मतदाता सूची के एसआईआर के बीच जमीनी स्तर पर वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी गई है। इस पूरी प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से विचार करने के लिए अधिकृत अधिकारियों को जरूरी अधिकार भी दे दिए गए हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

## जज को 'मर्डरर' कहने वाले वीडियो व पोस्ट तुरंत हटाओ

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

अवमानना का मुकदमा चलेगा



दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सुनवाई में उन सभी वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है, जिनमें एक वरिष्ठ हाईकोर्ट जज को साकेत में इमारत ढहने की घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मर्डरर कहा गया था। कोर्ट की अवकाश खंडपीठ ने (न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति मधु जैन) ने कहा कि ऐसे आपत्तिजनक कंटेंट न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, न्याय व्यवस्था में विश्वास को भी कमजोर करते हैं। बेंच ने संकेत दिया वह संबंधित खातों को ब्लॉक करने के आदेश पर भी विचार कर सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे कंटेंट के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली कैसे हो गया? क्या हम इन पर जिम्मेदारी नहीं डाल सकते?

जयपुर विकास प्राधिकरण ने नोटिस के बाद कार्रवाई की

## 45 साल पुरानी नूरानी मस्जिद, 2 मंदिरों और सत्संग भवन को किया जमींदोज

अमन लेखनी समाचार/नई दिल्ली,

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने नूरानी मस्जिद को जमींदोज कर दिया गया है। 45 साल पुरानी इस मस्जिद को गिराने से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इसके लिए प्रशासन ने 3000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इस पूरे इलाके में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। ये 1981 में बनी है। मालवीय नगर स्थित नूरानी मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने नोटिस जारी किया था. बताया जा रहा है कि जहां ये मस्जिद है, वहां सड़क चौड़ी की जा रही है। मस्जिद को हटाए बिना ये संभव नहीं है। मस्जिद के साथ-साथ एक मजार, दो छोटे मंदिर और एक सत्संग भवन को भी हटाया गया है।

### 3000 पुलिसकर्मी रहे तैनात, इंटरनेट किया बंद

### पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति


नूरानी मस्जिद को गिराने का नोटिस जब से जेडीए ने दिया, तब से पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है। मस्जिद कमेटी का दावा है कि नोटिस शुक्रवार रात को दिया गया और उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिला। कमेटी के अनुसार मस्जिद वर्ष 1981 में करीब 391 वर्ग गज भूमि पर बनाई गई थी और पिछले 45 सालों से यहां नियमित रूप से पांचों वक्त नमाज अदा की जा रही है, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते हैं. ऐसे में पुलिस अलर्ट मोड में है। नूरानी मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से पहले पूरे इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।



# सीएचसी के आईसीटीसी सेंटर पर लापरवाही का आरोप, मरीज परेशान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में अस्पताल के कक्ष संख्या-5 में संचालित इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीटीसी) पर तैनात कर्मचारी की कथित अनुपस्थिति को लेकर मरीजों और स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए आरोप कि कर्मचारी के नियमित रूप से ड्यूटी पर मौजूद न रहने के कारण एचआईवी जांच काउंसलिंग तथा गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य स्क्रीनिंग जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।




### घंटों इंतजार के बाद लौट रहे मरीज

मरीजों का कहना कि आईसीटीसी सेंटर पर पहुंचने के बाद उन्हें कई-कई घंटे तक कर्मचारी के आने का इंतजार करना पड़ता कई बार केंद्र का कक्ष बंद मिलता जबकि कुछ अवसरों पर वहां कोई जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं रहता ऐसे में दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीजों को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज एचआईवी जांच और परामर्श के लिए पहुंचते लेकिन केंद्र की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### गर्भवती महिलाओं की जांच पर भी असर

स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर एचआईवी जांच कराना आवश्यक होता ताकि संक्रमण की स्थिति में समय रहते उपचार और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके लेकिन आईसीटीसी सेंटर पर कर्मचारियों की कथित अनुपस्थिति के चलते यह महत्वपूर्ण प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि गर्भवती महिलाओं की जांच समय पर नहीं होगी तो इससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते और सरकार द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के उद्देश्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### अभिलेखों के संचालन पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि संबंधित कर्मचारी नियमित रूप से अनुपस्थित रहता तो आईसीटीसी सेंटर के रजिस्टर जांच अभिलेख और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का संचालन किस प्रकार किया जा रहा लोगों का कहना कि इस मामले में अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट जवाब देना चाहिए ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उद्देश्यों पर पड़ सकता है असर

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एचआईवी संक्रमण की रोकथाम समय पर जांच परामर्श और जागरूकता कार्यक्रमों को विशेष महत्व दिया जाता इसके लिए आईसीटीसी सेंटरों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती ऐसे में यदि केंद्रों पर तैनात कर्मचारी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते तो सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को झटका लग सकता।

### जांच और कार्रवाई की मांग

क्षेत्रीय नागरिकों सामाजिक कार्यकताओं तथा मरीजों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की लोगों का कहना है कि यदि शिकायतें सही पाई जाती तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा आईसीटीसी सेंटर की व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। स्थानीय लोगों का मानना कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे आम जनता को प्रभावित करती इसलिए मरीजों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि लोगों का स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास बना रहे।

# नितुल शर्मा बने बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिला उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता नितुल शर्मा को बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। नितुल शर्मा लंबे समय से समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठन में उनकी मेहनत, सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह, सपा नेता बिपिन यादव, वरिष्ठ नेता अरुणेश प्रताप सिंह ह्यदल्लूह्ल, नवीन वर्मा सहित अनेक नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नितुल शर्मा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा समाजवादी विचारधारा और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# राजधानी के कवि कमल अग्नेय को मिला किशोर सम्मान,सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गोसाईगंज निवासी एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि कमल अग्नेय को उत्तराखंड में ललित फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ह्यअभिव्यंजनाह्ल कार्यक्रम में साहित्य एवं काव्य जगत के महत्वपूर्ण सम्मान नंदकिशोर 'किशोर सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदान किया गया।सम्मान समारोह में प्रख्यात कवि डाक्टर कुमार विश्वास व डाक्टर हरिओम पवार, अशोक चक्रधर सहित देशभर के साहित्यकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कमल अग्नेय ने अपने चर्चित ह्यअभिमन्यु महाकाव्यह्ल की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसने मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमल अग्नेय की उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुति से प्रभावित होकर मंच से घोषित 51 हजार रुपये की सम्मान राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने की घोषणा की गई। यह उपलब्धि न केवल कमल अग्नेय के साहित्यिक योगदान का सम्मान है, बल्कि राजधानी लखनऊ और गोसाईगंज क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय बन गई है। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके कमल अग्नेय को यह सम्मान मिलने की सूचना जैसे ही उनके गृह क्षेत्र और राजधानीवासियों को मिली, खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के लोगों ने इसे लखनऊ की साहित्यिक प्रतिभा का राष्ट्रीय मंच पर सम्मान बताया। इस अवसर पर गोसाईगंज नगर पंचायत के चेयरमैन निखिल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोगों, साहित्य प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने कमल अग्नेय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कमल अग्नेय की यह उपलब्धि राजधानी के युवा रचनाकारों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी।

# रिटायर दरोगा के बेटे ने धारदार हथियार से पत्नी को काट डाला

## दोपहर में घर के भीतर हुई वारदात, बेटे के लौटने पर खुला हत्याकांड का राज

**धारदार हथियार से किए गए कई वार, मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम, पति ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के रामनगर आजादनगर में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। रिटायर दरोगा के बेटे जितेंद्र प्रताप सिंह ने कथित रूप से अपनी पत्नी मोनिका सिंह (45) की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया और गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचा, जहां उसका इलाज जारी है।



मृतका मोनिका फाइल – फोटो



मां की मौत पर गुमसुम बेटा

पुलिस के अनुसार घटना के समय घर में मोनिका और जितेंद्र ही मौजूद थे। परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि जितेंद्र ने पहले मोनिका के साथ मारपीट की और फिर धारदार हथियार से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल मोनिका घर के फर्श पर खून से लथपथ पड़ी रही।

वारदात के बाद आरोपी घर से निकल गया और बाजार जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद वह वापस लौटा और अपने कमरे में जाकर लेट गया। जहरीले पदार्थ का असर होने पर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं।

### बेटे के घर लौटने पर हुआ हत्याकांड का खुलासा

मृतका के बेटे अंशुमान सिंह ने बताया कि वह लखनऊ सीएमओ कार्यालय गया हुआ था। लौटने पर दादा ने उसे कोल्ड ड्रिंक लाने के लिए कहा और मां से पसंद पूछने को कहा। जब वह मां के कमरे में पहुंचा तो वहां का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। मोनिका खून से लथपथ अचेत अवस्था में पड़ी थीं और उनके शरीर पर धारदार हथियार के कई गहरे घाव थे।

अंशुमान ने तुरंत परिवार और पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मोनिका तथा जितेंद्र दोनों को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मोनिका को मृत घोषित कर दिया, जबकि जितेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

### वर्षों से चल रही थी प्रताड़ना, बहन ने लगाए गंभीर आरोप

मामले में नया मोड़ तब आया जब मृतका की बहन रोली ने आरोपी जितेंद्र पर वर्षों से घरेलू हिंसा और प्रताड़ना के आरोप लगाए। उनका कहना है कि जितेंद्र शराब और अन्य बुरी आदतों का आदी था तथा अक्सर मोनिका के साथ मारपीट करता था।

रोली के मुताबिक, ‶मेरी बहन वर्षों से अत्याचार सह रही थी। आरोपी शराब और महिलाओं के पीछे पड़ा रहता था। जब बहन पैसे देने से मना करती थी तो वह उसके साथ बेरहमी से मारपीट करता था।″

### प्रेम प्रसंग समेत कई पहलुओं पर जांच

घटना की सूचना मिलते ही एडीसीपी उत्तरी ट्विंकल जैन और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

एसीपी सुजीत कुमार दुबे का कहना है कि आरोपी अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसके होश में आने के बाद ही हत्या की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस घरेलू विवाद, आर्थिक कारणों और संभावित प्रेम प्रसंग सहित विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# आवास से आत्मविश्वास तक : प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली करोड़ों परिवारों की जिंदगी-केशव प्रसाद मौर्य

## हर गरीब के सिर पर छत, हर परिवार के जीवन में सम्मान : मोदी सरकार के 12 वर्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन, संवेदनशीलता और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन वर्षों में सरकार की प्रत्येक योजना का केंद्र समाज का अंतिम व्यक्ति रहा है। जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन तथा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं ने करोड़ों गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक देश के करोड़ों गरीब परिवार आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहे। उनके लिए अपना घर केवल एक आवश्यकता ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन का आधार भी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों की इस आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना को जनकल्याण का प्रमुख माध्यम बनाया और करोड़ों आवासविहीन परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देशभर में 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश इस अभियान में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। प्रदेश में



लगभग 62 लाख परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 41 लाख से अधिक पात्र परिवार शामिल हैं। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को केवल आवास ही नहीं, बल्कि शौचालय, निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड तथा मनरेगा के अंतर्गत रोजगार जैसी सुविधाओं से भी जोड़ा गया है। इससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण आवास योजनाओं के 75 प्रतिशत से अधिक आवास महिलाओं के नाम स्वीकृत किए गए हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। साथ ही लाभार्थी परिवारों को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल विकास एवं आयवृद्धि के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पक्का आवास केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सशक्तिकरण का आधार है। इससे करोड़ों माताओं, बहनों, बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित वातावरण में जीवनयापन का अवसर मिला है। आवास मिलने से परिवारों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके जीवन में स्थायित्व एवं गरिमा का भाव सशक्त हुआ है। श्री मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि गरीब कल्याण की योजनाएं केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में करोड़ों परिवारों को सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और विकास की नई संभावनाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

# मोहनलालगंज में सघन वाहन चेकिंग दर्जनों चालान




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में सोमवार को पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी के निर्देश पर चौकी प्रभारी अतुल सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस बिना बीमा एवं आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दर्जनों वाहनों के चालान किए गए चेकिंग के दौरान कई चारपहिया वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न और हूटर भी उतरवाकर जब्त किए गए। अभियान में उपनिरीक्षक परवेज आलम उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव सहित पुलिस टीम मौजूद रही। एसीपी मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# लखनऊ में फिल्मों की शूटिंग से परिचित करा रहा रेलवे

● बॉलीवुड फिल्मों का 3 घंटे का संकलन का बादशाहनगर, ऐशबाग, लखनऊ सिटी एवं डालीगंज स्टेशन के वेटिंग एरिया में हो रहा प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार










**लखनऊ।** फिल्म निर्माताओं ने शूटिंग के जरिए लखनऊ को विश्व पटल ख्याति दिलाने का सार्थक प्रयास किया तो अब इस काम रेलवे ने एक नये तरह की मुहिम चलायी है। बॉलीवुड फिल्मों का 3 घंटे का संकलन तैयार कर लखनऊ परिक्षेत्र में बादशाहनगर, ऐशबाग, लखनऊ सिटी एवं डालीगंज स्टेशनों पर प्रारम्भ कर दिया है।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस मुहिम से यात्रियों एवं आमजन को मनोरंजन के साथ-साथ लखनऊ क्षेत्र में विभिन्न लोकेशन में शूट की गयी फिल्मों की जानकारियां मिलेंगे, इससे उनका लखनऊ की संस्कृति से जुड़ाव भी बढ़ेगा। एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही कुछ प्रसिद्ध फिल्मों में मुख्यतः शतरंज के खिलाड़ी, उमराव जान, गदरः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु, बंटी और बबली, जॉली एलएलबी 2, रेड 2 आदि प्रमुख है।

पिछले कई दशकों से लखनऊ शहर हमेशा से ही फिल्म निमार्ताओं के शूटिंग के लिए पसंदीदा स्थान रहा है। वर्ष 1981 में फिल्म उमराव जान की अभिनेत्री रेखा ने अपने दमदार अभियन हुनर दिखाया, इसकी शूटिंग लखनऊ के शाही मजिस्द, चिड़ियाघर बारादरी, रूमी गेट, बड़ा इमामबाड़ा में हुई थी। गदर एक प्रेम कथा की शूटिंग 2001 में सफेद बारादरी कैसरबाग, लामाटीनियर कालेज में हुई। वर्ष 2005 में बंटी और बबली की शूटिंग रूमी गेट, चारबाग में हुई।

डालीगंज स्टेशन पर रंगकर्म से जुड़े जानाकारों का कहना है कि राजधानी लखनऊ एक ओर जहां अपनी पुरानी धरोहर और नवाबी खानपान और रहन-सहन के लिए मशहूर है। वहीं लखनऊ अब बॉलीवुड की पहली पसंद बना है। लखनऊ में साल भर में औसतन 10 से 15 फिल्मों की शूटिंग हो रही है। दूसरी ओर 50 से अधिक वेब सीरीज इस साल भर में सूट किए जा रहे हैं। लखनऊ में फिल्मों की शूटिंग की बढ़ती संख्याओं को देख कर आप यह कह सकते हैं कि लखनऊ बॉलीवुड की फिल्मों की शूटिंग का हब बन गया है। उत्तर प्रदेश में दूसरे शहरों की तुलना में सबसे अधिक फिल्में व वेब सीरीज राजधानी लखनऊ में ही शूट हो रही हैं। लखनऊ के विभिन्न लोकेशन में शूटिंग को लेकर बॉलीवुड सा दिखा रहा है। उनका कहना है कि लखनऊ की पुरानी विरासतों में शूटिंग करना आसान है। खासतौर पर गोमती नगर में बने मार्ग व उससे जुड़े रोड पर शूटिंग हो रही हैं। गत मार्च माह में चारबाग स्टेशन पर रेलवे की ओर से फिल्मों के कलेक्शन का प्रदर्शन किया जा रहा है, उसमें सिर्फ उन्हीं सीन को दिखाया गया, जो रेलवे स्टेशन पर शूट हुए थे लेकिन इस बार लखनऊ के विभिन्न लोकेशन को शामिल किया गया है। करीब 28 विभन्न फिल्मों के विभिन्न लोकेशन को दर्शाया गया है।

# राष्ट्रीय कला-शिविर में अभिव्यक्त होंगे अयोध्या के विविध रंग

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय कला-जगत में ऐसे अवसर विरले ही आते हैं जब देश के विभिन्न सांस्कृतिक भूभागों से आए कलाकार एक ही मंच पर एकत्र होकर अपनी सृजनात्मक दृष्टियों का आदान-प्रदान करते हैं।

कला दीर्घा, अंतर्राष्ट्रीय दृश्यकला पत्रिका और जेबीएनएस, अयोध्या द्वारा 15 से 19 जून 2026 तक अयोध्या में आयोजित होने वाला ऑल इंडिया आर्टिस्ट कैंप कलर्स ऑफ अयोध्या ऐसा ही एक महत्त्वपूर्ण आयोजन है, जो न केवल कला-सृजन का उत्सव है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक चेतना का एक महत्त्वपूर्ण समागम है। यह शिविर देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित कलाकारों को एक मंच पर लाएगा, जहाँ वे अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत से प्रेरणा लेकर नए कलात्मक आयामों का सृजन करेंगे। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसमें भाग लेने वाले कलाकारों का विविध और समृद्ध रचनात्मक अनुभव है। प्रत्येक कलाकार अपने साथ एक विशिष्ट कलाभाषा, जीवनानुभव और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि लेकर आ रहा है, जिससे यह आयोजन एक बहुआयामी कला-संवाद में परिवर्तित हो जाएगा। बिहार से आने वाले पद्मश्री श्याम शर्मा भारतीय प्रिंटमेकिंग के क्षेत्र में एक अत्यंत सम्मानित नाम हैं। उनके कार्यों में भारतीय ग्रामीण जीवन, लोक-संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का गहरा समावेश दिखाई देता है। दशकों से वे भारतीय ग्राफिक कला को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करते रहे हैं। उनकी कलाकृतियाँ देश-विदेश के अनेक संग्रहालयों और निजी संग्रहों का हिस्सा हैं। प्रिंटमेकिंग के माध्यम से उन्होंने भारतीय लोक-स्मृतियों और सामाजिक यथार्थ को जिस संवेदनशीलता से अभिव्यक्त किया है, वह उन्हें समकालीन भारतीय कला के अग्रणी कलाकारों में स्थापित करती है। महाराष्ट्र से सहभागी रामचंद्र खरतमल समकालीन भारतीय चित्रकला के प्रमुख हस्ताक्षरों में गिने जाते हैं। रंगों और संरचनाओं के प्रति उनकी गहरी समझ उनके चित्रों को विशिष्ट पहचान देती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रदर्शनियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उनके चित्रों में आधुनिक जीवन, प्रकृति और मानवीय अनुभवों का एक संतुलित सौंदर्यबोध दिखाई देता है। हरियाणा के वरिष्ठ कलाकार और कला शिक्षाविद् डॉ. राम विरंजन कला और शिक्षा के क्षेत्र में समान रूप से प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने अनेक पीढ़ियों को कला की शिक्षा प्रदान की है तथा अपनी रचनात्मक साधना के माध्यम से भारतीय चित्रकला को समृद्ध किया है। उनके चित्रों में भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिकता और समकालीन संवेदनाओं का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ज़िन्दासपुर निवाशी अनुराग 18 पुत्र दयाशंकर गजफर नगर से किराने की दुकान का सामान लेकर बाइक से घर जा रहा था।तभी हसनगंज रसूलाबाद मार्ग पर हंसेवा के पास सामने से आई तेज रफ्तार कार बाइक में टक्कर मारते हुए भाग गई।जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी ले गई जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि हादसे में घायल युवक को डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया हुआ है।

## विद्युत लाइन से छेड़ छाड़ करने वालों पर होगी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र हसनगंज के अवर अभियंता दिलीप कुमार ने कोतवाली हसनगंज में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है कि तैंतीस बंटे ग्यारह हजार की लाइन विद्युत उपकेंद्र हसनगंज से पोषित पोषिको में अनाधिकृत एक दर्जन लोग जिनका विद्युत उपकेंद्र से कोई लेना देना नहीं है फिर भी अलग अलग विभागीय फीडरो के संयंत्रों में छेड़छाड़ किया करते हैं जिसका विभाग से कोई लेना देना नहीं है न ही मेरे द्वारा इन लोगों को लिखित व मौखिक कार्य दिया गया है फिर भी यह लोग बिजली विभाग की लाइनों में छेड़छाड़ किया करते हैं जिनमें राधेलाल नईसरांय। राजेंद्र जसमड़ा बब्बन ।मुकेश कुमार ।अंशु तिवारी। रसूलपुर बखिया सुमित कुमार ।पंकज तिवारी। रोहित कुमार । ब्रजेश ।सोनू ।महावीर सहित दर्जनों लोग विद्युत केंद्र से निकली लाइनों में फाल्ट ठीक करने के नाम पर पोल पर चढ़े देखें गये है जिनका विभाग से कोई लेना देना नहीं है हसनगंज कोतवाल शरद कुमार ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है हमने सभी बीट प्रभारियों को लाइनों में फाल्ट ठीक कर रहे लोगों की जांच-पड़ताल कराकर कार्यवाही की जायेगी।

## भागवत कथा के अंतिम दिवस पर भक्तों को ईश्वर भक्ति की सुनाई महिमा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर के मुख्य बाजार के रूप नारायण बगिया में स्थित हनुमान मन्दिर में चल रही भागवत कथा के अन्तिम दिन सोमवार को भागवताचार्य ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने उपस्थित भक्तों को ईश्वर भक्ति की महिमा सुनाई। उन्होंने कहा कि सच्ची भावना से की गई भक्ति का परिणाम सुखद होता है और भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने गोपीकाओं और बाल सखाओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण के साथ रास लीला, से लेकर कंस वधतक का वर्णन करते हुए गोपीकाओं और बाल सखाओं की भक्ति और भगवान द्वारा उन्हें असुरों से सुरक्षा प्रदान करने की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कथा भागवत में दान पुण्य का भी विशेष महत्व है।इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त कथा सुनने को मौजूद रहे। कल मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन यहां किया जाएगा।

## शराब ठेके के सेल्समैन को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रविवार रात असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा कस्बा स्थित अंग्रेजी शराब ठेके के सेल्समैन के साथ कस्बा निवासी युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शराब ठेके के सेल्समैन वीरेंद्र कुमार रविवार रात लगभग 11 बजे कस्बे के ही एक ढाबा से खाना खा कर वापस शराब ठेके पर आ रहा था। रास्ते मे कालूखेड़ा निवासी अमित रावत पुत्र गंगादीन अपने दो -तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पुरानी बकायेदारी को लेकर मारपीट करने लगे। अमित ने वीरेंद्र के सर पर इंटो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डायल 112 ने घायल वीरेंद्र को सीएचसी पहुंचाया ।वीरेंद्र की तहरीर पर अमित सहित दो अन्य पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया हैं ।पुलिस ने मारपीट के आरोपी अमित को पकड़कर जांच पड़ताल कर रही हैं थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया की पुरानी बकायेदारी को लेकर मारपीट हुई हैं मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) की लिखित परीक्षा सोमवार को शुरू हुई। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी की थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित थी। पहली पाली में कुल 3662 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई, जबकि पुलिस बल के साथ सादी वर्दी में भी कर्मियों को तैनात किया गया था। नकल या अनियमितता रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध था। परीक्षा अटल बिहारी इंटर कॉलेज, डीएसएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ओपीडी इंटर कॉलेज, श्यामलाल इंटर कॉलेज, एसएवी इंटर कॉलेज और अचलगंज सहित कुल 12 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश और सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा की तथा केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। प्रशासन ने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र भी स्थापित किए। इन




केंद्रों पर परीक्षा केंद्रों की जानकारी, यातायात मार्ग और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें काफी राहत मिली ।उन्नाव में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती (एनरोलमेंट-2025) की लिखित परीक्षा सोमवार को शुरू हुई। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी की थी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित थी। पहली पाली में कुल 3662 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई, जबकि पुलिस बल के साथ सादी वर्दी में भी कर्मियों को तैनात किया गया था। नकल या अनियमितता रोकने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध था ।परीक्षा अटल बिहारी इंटर कॉलेज, डीएसएन इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ओपीडी इंटर कॉलेज, श्यामलाल इंटर कॉलेज, एसएवी इंटर कॉलेज और अचलगंज सहित कुल 12 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश और सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा की तथा केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। प्रशासन ने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र भी स्थापित किए। इन केंद्रों पर परीक्षा केंद्रों की जानकारी, यातायात मार्ग और अन्य वश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें काफी राहत मिली ।परीक्षा देने लखनऊ से उन्नाव पहुंची एक महिला अभ्यर्थी ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका पहला प्रयास है और तैयारी को लेकर वह पूरी तरह आत्मविश्वास में हैं। यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि अपने साधन से आने के कारण उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं सरकार द्वारा पुलिस भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने पर उन्होंने संक्षिप्त रूप से धन्यवाद व्यक्त किया ।पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए आगरा, लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, फतेहपुर और अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उन्नाव पहुंचे। कई अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से कई घंटे पहले ही अपने केंद्रों पर पहुंच गए थे। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। प्रवेश द्वारों पर सघन तलाशी और दस्तावेजों की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने दिया गया ।परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह स्वयं मॉनिटरिंग करते नजर आए। दोनों अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की गई थी, जो लगातार केंद्रों की निगरानी कर रहे थे ।दूसरे जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र खोजने और यातायात संबंधी जानकारी देने के लिए पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए। इन केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों ने अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि सहायता केंद्रों की वजह से उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में काफी सुविधा मिली और समय की बचत भी हुई।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक अमन की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसका एक साथी घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के ग्राम भौली निवासी अमन (23) पुत्र जय कारण सिंह उर्फ लाला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमन अपने दोस्त राजेंद्र के साथ बाइक से एक बर्थडे पार्टी से लौट रहा था। अजगैन क्षेत्र में कत्था फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसका साथी राजेंद्र घायल है और उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले



की जांच शुरू कर दी ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक व वाहन की तलाश में जुटी है। परिजनों ने बताया कि अमन एक मुर्गी फार्म में काम करता था और परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। वह अपने पांच भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां सुषमा सहित परिवार के अन्य सदस्यों और ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर फरार डंपर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अजगैन थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्डर की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने पार कर दिया लाखो का सामान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र में चोरी की घटनाएं एक बार फिर बढ़ रही हैं। सोमवार को चोरों ने एक बिल्डर के कार्यालय को निशाना बनाया और लगभग दो लाख रुपये का सामान चुरा लिया। यह घटना पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रही है, खासकर तब जब हाल ही में गगनीखेड़ा में हुई चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, फत्तेखेड़ा विसर्जन स्थल झील के पास स्थित आश्रुति बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के कार्यालय में चोरी हुई। सोमवार सुबह जब कार्यालय संचालक वहां पहुंचे, तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और कई कीमती उपकरण गायब थे ।पीड़ित जय सिंह यादव, निवासी अंबिकापुरम, शुक्लागंज ने बताया कि अज्ञात चोर रात में शटर का ताला तोड़कर कार्यालय में घुस गए। चोरों ने सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, समर्सिबल पंप, इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी, पंखा, इंडक्शन चूल्हा



और गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चुरा लिया। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। डायल-112 पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित से जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ।गौरतलब है कि 6 जून को भी गंगाघाट क्षेत्र के गगनीखेड़ा गांव में सुनीता पत्नी विनोद निषाद के घर चोरी हुई थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। कोतवाली गंगाघाट प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला ई रिक्शा चालक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर, शुक्लागंज में एक ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान श्रीनगर निवासी 40 वर्षीय संदीप मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, संदीप मिश्रा ई-रिक्शा चालक थे और रविवार को काम पर निकले थे। देर शाम उनका शव श्रीनगर स्थित लोहिया स्कूल के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजली मिश्रा, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। पत्नी अंजली मिश्रा ने बताया कि उनके पति रोज की तरह काम पर गए थे। बाद में उन्हें सूचना मिली कि उनका शव लोहिया स्कूल के आगे पड़ा है। अंजली मिश्रा के अनुसार, जब उन्होंने शव देखा तो शरीर और चेहरे पर चोट के निशान थे। उनके सिर से खून निकल रहा था और चेहरे पर सूजन भी थी ।इन परिस्थितियों को देखते हुए अंजली मिश्रा ने आशंका जताई है कि उनके पति के साथ मारपीट की गई और उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष पर संदेह व्यक्त नहीं किया है, लेकिन पुलिस से मामले की गहन जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है। उन्होंने पुलिस से हर पहलू से जांच करने का आग्रह किया है ।परिजनों ने बताया कि संदीप मिश्रा पिछले करीब दो वर्षों से पत्नी अंजली के साथ नहीं रह रहे थे। हालांकि, वह नियमित रूप से अपने बच्चों से मिलने आते थे और परिवार के संपर्क में थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिजन स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## तीन अपराधियों को जिला बदर करने के डीएम ने दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने तीन गंभीर अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई है। इन अपराधियों को निर्धारित अवधि के लिए उन्नाव और उससे सटे जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, इन व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। इनकी गतिविधियां जनपद में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही थीं, जिसके चलते यह कदम उठाया गया है। जिला बदर किए गए अपराधियों में गंगाघाट थाना क्षेत्र के कल्लूपुरवा निवासी विकास उर्फ शेरू पुत्र पिंटू सिंह उर्फ मिंटू सिंह, अचलगंज थाना क्षेत्र के बद्दलकटरी निवासी अनुज उर्फ अरुण पुत्र सुरेश और सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सरौती निवासी प्रदीप मौर्य पुत्र श्यामलाल मौर्य शामिल हैं। इन पर पॉक्सो एक्ट, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि असामाजिक और आपराधिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है और ऐसे व्यक्तियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ताकि जनपद में शांतिपूर्ण माहौल कायम रखा जा सके।

## जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। एक तरफ जहां प्रगणकों द्वारा जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवासों की गणना का कार्य तय समय से पूर्व ही पूरा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिन कर्मचारियों ने कार्य में लापरवाही बरती, उन पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की जा रहीहै जिस में वेतन रोकना व निलंबन शामिल है इसी क्रम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रगणक अमित तिवारी को तहसीलदार देवेन्द्र यादव ने प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कियो प्रगणक अमित तिवारी ने बताया कि इस बार जनगणना में सभी कार्य डिजीटल तरीके से होने थे, जिससे काफी कम समय में ही कार्य पूर्ण हो गयो तहसीलदार देवेन्द्र यादव ने बताया इस कार्य को करने के लिए बीस जून




तक का समय निर्धारित किया गया है, जिसे समय से पहले पूरा कर लिया जाएगो बता दे जनगणना के कार्य में लगे प्रगणक लगातार जिला मुख्यालय से ऑनलाइन निगरानी में हैं जनपद के उच्चधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रगणक के कार्य और प्रगति के बारे में जानकारी की जा रहीहै ।साथ ही प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि जनगणना का काम हर हाल में समय पर पूरा होना चाहिए। यदि इसके बावजूद प्रगणक अपने काम में रुचि नहीं दिखाते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बक्सर के शमसान घाट पर विधुत शवदाह गृह न होने से जनता परेशान

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। पतित पावनी गंगा मां के किनारे बक्सर घाट में शव को अंतिम संस्कार किए जाने हेतु विद्युत शव दाह गृह नहीं बने होने से लोग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के क्षेत्र से पतित पावनी गंगा नदी का बहाव होता है पुराणों में लिखा हुआ है कि भागीरथ अपने पूर्वजों को तारने हेतु तपस्या किया था तब प्रभू ने प्रसन्न होकर गंगा मां को पृथ्वी पर भेजा था । गंगा मां हिमांचल पर्वत से होते हुए दर्जनो जिलों से होकर गुजरी है ।हिन्दू सम्प्रदाय में पुराने समय में शव को गंगा में प्रवाहित करने की परंपरा थी। धीरे धीरे लोगों में जागरूकता पैदा हुई और शव को जलाना प्रारम्भ कर दिया गया। लोगों का मानना है कि अंतिम संस्कार यदि गंगा के जल से कर दिया जाता है तो उसके सारे पाप धुल जाते हैं । आधुनिकरण होने से शहरों और कस्बों की फैक्ट्रियां का गंदा पानी गंगा नदी में बहाया जाने लगा। सरकार द्वारा गंगा के पानी को स्वच्छ बनाने के लिए बहुत सी योजनाये कार्य मे लायी गयी। गंगा को स्वच्छ बनाने हेतु एक नमामि गंगे योजना चलाई तो गयी पर कारगर साबित नही हो रही। सरकार द्वारा पानी को दूषित होने से बचाने के लिए फैक्ट्रियों के गंदे पानी कर साथ गंगा नदी में शव को प्रवाहित करने से रोक दिया गया ।हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार शव को आम की लकड़ी से जलाना चाहिए पर आम के पेड़ को काटने के लिए सरकार ने प्रतिबंधित कर रखा है जिससे आम की लकड़ी दिन पर दिन महंगी होती जा रही है ।बक्सर घाट में प्रतिदिन उन्नाव की सीमा से लगे फतेहपुर, लखनऊ ,रायबरेली आदि जिलों के दर्जनों शव अन्तिम संस्कार के लिए आते हैं लेकिन विद्युत शव दाह गृह न होने से परिजनो को अंतिम संस्कार हेतु काफी समय बिताना पड़ता है।

## घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार किया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मौला बांकीपुर गांव निवासी राम देवी सिंह अपने पति प्रेम कुमार के साथ कमरे में सो रही थीं ।रविवार देर रात अज्ञात चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखे बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए ।सोमवार चार बजे जब प्रेम कुमार की नींद खुली तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए, पीड़ित ने डायल 112 पर पुलिस को चोरी की सूचना दी ।पीड़ित ने पड़ोसी राहुल पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की,



कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिली थी, तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## लकड़ी के अवैध कारोबार से पर्यावरण संरक्षण को लग रहा झटका

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं की चहलकदमी कम होती नहीं दिख रही है तमाम अड्डों पर प्रतिबंधित लकड़ी जमा होने के साथ ही प्रमुख मार्गो पर लकड़ी लोड वाहन आवागमन करते देखे जा सकते है ।लकड़ी के अवैध कारोबार से पर्यावरण संरक्षण को झटका लगता दिख रहा है। ज्ञात हो क्षेत्र के प्रमुख हरदोई उन्नाव मार्ग पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से कस्बा गंजमुरादाबाद के बीच करीब तीन किलोमीटर की दूरी में मुख्य मार्ग से कुछ दूर हटकर सड़क के दोनों तरफ नीम, आम, महुआ ,गुलर आदि सहित अन्य तरह की प्रतिबंधित लकड़ियों का जखीरा जमा किया गया



है लकड़ी बेचने वाले टाल आदि के नाम पर पीछे से प्रतिबंधित लकड़ी का काला कारोबार पनपता दिख रहा किंतु स्थानीय जिम्मेदार इस ओर ध्यान देते नहीं दिखाई पड़ रहे है जिससे क्षेत्र से लकड़ी कारोबार पर विराम लग सके इसके अलावा दिन में तिरपाल ढककर जबकि अंधेरे में खुले ट्रेक्टर ट्राली प्रतिबंधित लकड़ी लोडकर आवागमन करते देखे जा सकते है इसके अलावा क्षेत्र की अनेक आरा मशीनों पर प्रतिबंधित लकड़ियों का ढेर लगा हुआ आसानी से देखा जा सकता है। क्षेत्र में अवैध कटान रुकने का नाम लेता नहीं दिखाई दे रहा जिससे पर्यावरण संतुलन को झटका लगने के साथ ही सरकार की मंशा भी धूमिल होती दिख रही है।

## नेचर वॉक और पर्यावरण शुद्धि यज्ञ हवन से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, योग पखवाड़ा का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / विश्व पर्यावरण दिवस माह के वैश्विक थीम प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए के अनुरूप जनपद बस्ती में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार सुबह औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में एक विशेष नेचर वॉक एवं पर्यावरण शुद्धि यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन कर योग पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली, युवा विकास समिति बस्ती, भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति तथा इंडियन योग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाचार्य गरुडध्वज पाण्डेय एवं डॉ. नवीन सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पर्यावरण शुद्धि यज्ञ हवन कराकर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने एवं प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया और विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए योग शिक्षकों को ब्लॉकवार दायित्व सौंपे गए। कामना पाण्डेय जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति ने महिला योग प्रशिक्षकों की सक्रिय भूमिका की योजना बताई। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नेचर वॉक के दौरान पौधशाला प्रभारी इन्द्रमणि यादव ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं प्रकृति प्रेमियों को विभिन्न वनस्पतियों, औषधीय पौधों एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सम्पादकीय

# कॉकरोच को अभी लंबा सफर तय करना होगा

भारतीय लोकतंत्र में समय-समय पर आंदोलन उभरना कोई नई बात नहीं है। हाल के दिनों में चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) भी इसी क्रम की एक नई पहल है। जंतर-मंतर पर आयोजित उसके शक्ति प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता और वास्तविक राजनीतिक ताकत के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यह प्रदर्शन जितना चर्चा में रहा, उतना ही इसने कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े किए हैं कि क्या डिजिटल दुनिया की लोकप्रियता को राजनीतिक समर्थन में बदला जा सकता है और क्या केवल प्रतीकात्मक विरोध के सहारे कोई आंदोलन स्थायी जनाधार तैयार कर सकता है? देखा जाए तो सीजेपी के लिए अभी राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। अभी उसे लंबा सफर तय करना होगा। चूंकि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो आसान है, लेकिन धरातल पर उस भीड़ को उतारना और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना उतना ही चुनौतीपूर्ण है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन के दौरान उम्मीद के अनुरूप भीड़ नहीं दिखाई दी। यहां जो युवा पहुंचे, उनके हाथों में सीजेपी के झंडे तो जरूर दिखाई दिए, लेकिन आखों में सवाल भी बरकरार थे, जिनका कोई उचित जवाब उन्हें नहीं मिल पाया। बता दें कि पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 करोड़ फॉलोअर्स हैं। जंतर-मंतर पर पहली बार पार्टी जमीन पर दिखाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन महासचिव दीपाशंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वाम संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके का समर्थन किया। इस तरह से यह आयोजन वाम संगठनों का छोटा-मोटा जमावड़ा बन गया। वहीं, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन से बड़ी चालाकी के साथ दूरी बना ली, क्योंकि पिछली बार अरविंद केजरीवाल के प्रदर्शन के समय विपक्षियों ने उनका समर्थन किया था, लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी बनाने के बाद केजरीवाल ने सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को ही पहुंचाया। सीजेपी ने खुद को उन युवाओं की आवाज के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, जो शिक्षा व्यवस्था की खामियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, बेरोजगारी और अवसरों की कमी से परेशान हैं। "मैं हूं कॉकरोच" का नारा भी इसी भावना को व्यक्त करता है। इसका संदेश यह है कि व्यवस्था चाहे जितनी उपेक्षा करे, आम युवा संघर्ष करते हुए अस्तित्व बनाए रखेगा। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर इसे व्यापक समर्थन मिला और पार्टी के डिजिटल मंचों पर करोड़ों लोग जुड़े दिखाई देते हैं, लेकिन राजनीति केवल नारों, प्रतीकों और डिजिटल लोकप्रियता के आधार पर आगे नहीं बढ़ती। राजनीति की असली परीक्षा तब होती है, जब समर्थकों को सड़कों पर उतारना हो, संगठन खड़ा करना हो और जनता के सवालों के ठोस जवाब देने हों। जंतर-मंतर का प्रदर्शन इसी कसौटी पर सीजेपी के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा था। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो काफी आसान होता है, लेकिन उसका नेतृत्व करना और फिर उसकी उम्मीदों पर खरा उतरकर उसे धरातल पर उतारना काफी मुश्किल काम है। बहरहाल, अभिजीत दीपके के लिए राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। इसके लिए उसे और मेहनत करनी होगी। चूकि अभी कई बड़ी चुनौतियां बरकरार हैं।



रिकॉर्ड कार्यकाल

शिवप्रकाश

# एक 'नए भारत' के शिल्पकार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जून को संवैधानिक चुनाव पद्धति से चयनित सबसे अधिक कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री हो जाएंगे। मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4398 दिनों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर 4399 दिन अपनी देश सेवा के पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों के कार्यकाल को जोड़कर 25 वर्षों के साथ ही 9007 दिनों की अनवरत राष्ट्र सेवा को भी पूर्ण करेंगे। यह उत्साही, अविश्रांत, अनथक कर्मयोगी की यात्रा है।**

देश के विकास के लिए अनेक कीर्तिमान गढ़ने वाले कठोर निर्णयों के लिए तो 12 वर्षों का पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा ही, साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए भी उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उन्होंने आतंकवाद से प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। 13 जून 2014 को भारतीय सेना के साउथ ब्लॉक में स्थित रक्षा वार रूम में सेना के उच्च अधिकारियों के साथ संवाद एवं रक्षा तैयारियों की समीक्षा कर ही अपनी सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया था। जब समस्त देश दीपावली पर दीपों से अपने-अपने घरों को प्रकाशमान करता है, तब प्रधानमंत्री सीमा पर सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच में उपस्थित रहकर देश उनके साथ है ऐसा संदेश देते हैं। सियाचिन से प्रारंभ कर 12 वर्षों में 12 स्थानों पर जाकर उन्होंने अपनी सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है। आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के संदर्भ में कहा था कि मजबूत सेना के बिना राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। 1962 में चाइना युद्ध में हमारी पराजय तथा 1964 में चाइना के परमाणु परीक्षण के बाद निर्मित निराशाजनक स्थिति से उबारने के लिए भारत को भी परमाणु शक्ति युक्त होना चाहिए, यह मांग जनसंघ ने 4 दिसंबर 1964 को पटना अविवेशन में की थी। जनसंघ के इसी संकल्प की पूर्ति को 11 मई 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण विस्फोट कर पूर्ण किया था। प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद वर्ष 2014 में रक्षा विभाग का बजट 2.27 लाख की तुलना में 3 गुना 7.85 लाख करोड़ हो गया। आज हम 100 से अधिक देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेच रहे हैं। अब हमारा निर्यात में वर्ष 2014 की तुलना में 686 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 38424 करोड़ अर्थात 56 गुना वृद्धि हुई है। अब हम हाइपर सोनिक मिसाइल, ब्रह्मोस, बैलिस्टिक मिसाइल, एयर डिफेन्स एवं रडार सिस्टम को ध्वस्त करने वाले रुद्रम-2, प्रलय, आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल बना रहे हैं। भारत का स्वदेशी आईएनएस विक्रांत, राफेल, एस-400 विमानों से हम युक्त हैं। आर्मेनिया ने येरेवान रिपब्लिक स्क्वायर में भारत में बनी आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल एवं पिनाका रॉकेट लौनचर्स का प्रदर्शन भारतीयों को मस्तक ऊंचा करता है। 15 अगस्त 2025 को लाल किला से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि स्वदेशी क्षमताओं, मेड इन इंडिया हथियारों ने सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर नहीं टिक सकती। इसी का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने 22 मिनट में ही सभी निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर किए थे। 72000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक समृद्धि, सामुद्रिक रणनीति एवं सुरक्षा का आधार बनेगी।

देश ही नहीं संपूर्ण विश्व स्मरण करेगा जब हमने कहा कि 31 मार्च 2026 को वामपंथ प्रेरित नक्सलवाद से हम मुक्त हो रहे हैं। 2024 में 126 जिले नक्सलवादी आतंक से युक्त थे। 2024 में ही केवल 290 नक्सली मारे गए। 1090 गिरफ्तार हुए। 881 ने आत्मसर्पण कर भारत की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प किया। अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है। घुसपैठिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा के



लिए खतरा एवं जनसांख्यिकी असंतुलन निर्माण कर रहे हैं। भारत सरकार ने इस संकट से उबरने के लिए डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट नीति के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की है। सीमा की निगरानी को सख्त किया है। 15,106 किलोमीटर सीमा सोती रेखा से जागती दीवार लक्ष्य में लेजर वॉल, वाइब्रेशन सेंसर्स, नाइट विजन कैमरा का उपयोग हो रहा है। सीमा सुरक्षा के लिए 49 % बजट वृद्धि कर 5597 करोड़ निर्धारित किया गया है। भारत ने लगभग 54 लाख साइबर शिकायतों एवं 31594 करोड़ रुपयों के ठगी के प्रयासों का सामना करने में भारत सफल रहा। भारत सरकार ने 2024 में साइबर कमांडो व्यवस्था निर्माण का साइबर सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। डिफेंस साइबर एजेंसी के माध्यम से समन्वय कर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रयास हो रहा है। देश को नशामुक्त बनाने हेतु व आतंकवाद जैसी समस्याओं के आय के प्रमुख स्त्रोत ड्रग्स के गैर कानूनी व्यापार पर करारा प्रहार करते हुए लगातार उनको जब्त किया जा रहा है। 2024 में ही 25,330 करोड़ रुपए के ड्रग्स की जब्ती इस बात का पुख्ता प्रमाण है। सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान सीमावर्ती गांव में बसे ग्रामीणों का रहता है। उनके मन में अपने प्रति उपेक्षा भाव न रहे इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को कहा, था कि ये अंतिम गांव नहीं, भारत मां का प्रथम गांव है। 4121 गांवों के विकास के लिए लगभग 11639 करोड़ का बजट निर्धारित किया है, जिसके द्वारा मौसम अनुकूल सड़क, सौर ऊर्जा, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यटन का ढांचा खड़ा किया जा रहा है। 2023 में लालकिला के मैदान में 600 सीमावर्ती गांवों के सरपंचों की सहभागिता ने सीमा एवं दिल्ली का संगम कर दिया है। अपने पंचप्रण के संकल्प में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान भी प्रधानमंत्री ने किया था। इसका अनुपालन करते हुए ऑपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं भारतीय स्वाभिमान में वृद्धि के अनेक प्रयास हुए हैं। आईपीसी, सीआरपीसी की धाराएं अब भारतीय न्याय संहिता हो गई है। राजपथ अब कर्तव्यपथ, 7 रेस कोर्स रोड-7 लोक कल्याण मार्ग, प्रधानमंत्री कार्यालय-सेवा तीर्थ एवं राजभवन- लोकभवन हो गए हैं। सीडीएस की नियुक्ति ने तीनों सेनाओं में समन्वय किया है। नेवी का प्रतीक चिन्ह अब ब्रिटिश दासता का स्मरण नहीं छत्रपति शिवाजी का स्मरण कराता, तिरंगे में अष्टकोणीय चिन्ह के साथ शिवाजी की राजमुद्रा से अंकित एवं वेद मंत्र शं नो वरुणः एवं अशोक स्तंभ का स्मरण कराता है। गणतंत्र दिवस के बाद सेना द्वारा आयोजित बीटिंग रिट्रीट परेड में अब अंग्रेजी धुन नहीं प्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय लता मंगेशकर द्वारा रचित देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों ने स्थान ले लिया है। सेना में महिला सहभागिता, सैनिक स्कूलों में वृद्धि एवं अग्निवीर योजना से सुरक्षा तंत्र में समाज की सहभागिता बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक सुरक्षा के प्रति किए गए निर्णय सदैव स्मरण किए जाएंगे। राष्ट्र की संप्रभुता, आर्थिक विकास, शांति सभी के लिए सुरक्षा अनिवार्य शर्त है। सुरक्षा के प्रति किए गए उपायों का ही परिणाम है कि आज देश गरीब कल्याण, ढांचागत एवं आर्थिक विकास कर अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए विश्व में अपना गौरवपूर्ण स्थान बना रहा है। भारत सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हो, यह सभी नागरिकों का संकल्प बनना चाहिए।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं)

दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मज़बूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। वे इस बात का ध्यान रखते हैं कि समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखें और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है।

महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है। यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। इसमें मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़-पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्त्रोत हैं। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। यहां लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पांच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, अटलांटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा अंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिए कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहां स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहीं, क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनः सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप



संकलित

दर्शन

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे सांच है, ताके हिरदे आप। सत्य केवल वाणी का विषय नहीं है। यह तो मन, वचन और कर्म की समरूपता की उच्च अवस्था है। हम अपने जीवन में जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, जब ये तीनों एक ही धारा में बहने लगें, तभी सच्चा सत्य जन्म लेता है। इसी को हमारे ऋषियों ने त्रिकरण शुद्धि कहा है। 'सत्यं वद' हमें यही सिखाता है कि सत्य एक जीवन-शैली है। जो मनुष्य एक बार सत्य की राह पकड़ लेता है, उसे फिर अपनी बात याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सत्य अपना रास्ता सहज अवस्था में बना लेता है। दूसरा विषय आता है 'धर्मं चर' यानी धर्म का आचरण करो। यहां धर्म से तात्पर्य किसी मजहब या संप्रदाय से नहीं है। ऋषियों का धर्म बहुत व्यापक है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' भारतीय समाज की आत्मा का शाश्वत घोष है। भारतीय चिंतन में सत्य को ईश्वर का स्वरूप और धर्म को जीवन की मर्यादा माना गया है। वेदों, उपनिषदों और महाभारत से लेकर लोकजीवन तक, सत्य और धर्म ने भारतीय संस्कृति को नैतिक आधार प्रदान किया है। आज जब भौतिकता और त्वरित सफलता की दौड़ में मानवीय मूल्य क्षीण होते दिखाई दे रहे हैं, तब भारतीय ज्ञान-परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णन मिलता है- सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। इन पंक्तियों का अर्थ है सत्य बोलो।

## सत्य के सामने झुकना, अहंकार को विसर्जित करना है



संकलित

प्रेरणा

जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है और झूठ के सामने झुकना सरल। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना। ऐसी उलटबांसी क्यों है? उलटबांसी जरा भी नहीं है, सिर्फ तुम्हारे विचार में जरा सी चूक हो गई है, इसलिए उलटबांसी दिखाई पड़ रही है। चूक बहुत छोटी है, शायद एकदम से दिखाई न पड़े। सत्य के सामने झुकना पड़ता है, झूठ के सामने झुकना ही नहीं पड़ता, झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और इसीलिए झूठ से दोस्ती आसान है, क्योंकि झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और सत्य से दोस्ती कठिन है, क्योंकि सत्य के सामने तुम्हें झुकना पड़ता है। अंधा अंधेरे से दोस्ती कर सकता है, क्योंकि अंधेरा आंखें चाहिए ऐसी मांग नहीं करता, लेकिन अंधा प्रकाश से दोस्ती नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रकाश से दोस्ती के लिए पहले तो आंखें चाहिए। अंधा अमावस की रात के साथ तो तल्लीन हो सकता है, मगर पूर्णिमा की रात के साथ बेचैन हो जाएगा। पूर्णिमा की रात उसे उसके अंधेपन की याद दिलाएगी। अमावस की रात अंधेपन को भुलाएगी, याद नहीं दिलाएगी। तुम कहते हो, जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना, लेकिन दूसरी बात सच नहीं है, जो तुम कहते हो कि झूठ के सामने झुकना सरल क्यों है? झूठ तो सदा तुम्हारे सामने झुका हुआ खड़ा है, तुम्हारे पैरों में बैठा है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है।

*- ममता गर्ग, सोनीपत*

## ट्रेंड

### प्रेरणा का विषय



मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र के 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय, विशेषकर देश की बेटियों और महिलाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।

**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### प्राथमिक शिक्षा प्रणाली



हमारी सरकार ने लंबे समय से उपेक्षित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 12,000 करोड़ के निवेश से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक अवसंरचना विकास होगा, अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाया जाएगा।

**- मोहन चरण माझी,** सीएम, ओडिशा

### पिनाका की गूंज



पिनाका की गूंज आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती रणनीतिक शक्ति का प्रतीक बन गई है। आर्मेनिया में सफल परीक्षण परीक्षणों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत का रक्षा उत्पादन विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।

**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### घटिया गुणवत्ता



'दोहरे इंजन' का दावा करने वालों की सरकार में, डिब्बे खुद टूटकर दोगुने हो रहे हैं। पहले भी कहा जा रहा था कि भाजपा में न सिर्फ दोहरा इंजन बल्कि डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा हर चीज के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार है।


**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



## करंट अफेयर

# जेलेंस्की के पीस टॉक्स के ऑफर को पुतिन ने ठुकराया

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के आमने-सामने बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात का कोई औचित्य नहीं बनता। दरअसल, एक दिन पहले जेलेंस्की ने पुतिन को एक ओपन लेटर लिखा था। इस लेटर में उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए आमने-सामने बैठकर बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। जेलेंस्की ने लिखा था कि अब इस युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने का समय आ गया है और दोनों नेताओं को सीधे संवाद करना चाहिए लेकिन सेंट पीटर्सबर्ग में



आयोजित रूस के प्रमुख आर्थिक मंच के दौरान पुतिन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की का लेटर पूरी तरह ईमानदार नहीं लगा। पुतिन के मुताबिक लेटर में कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं जिन्हें वह असभ्य मानते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मुझे फिलहाल ऐसी मुलाकात का कोई मतलब नजर नहीं आता। पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम होना चाहिए समाधान तैयार होने चाहिए और उसके बाद नेताओं की बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यूक्रेन की दिलचस्पी सिर्फ रूसी सेना की प्रगति रोकने में है।

## ऑफ बीट

# विशाल चट्टान को तराश कर बनाया गया सांवलिया जी मंदिर

देश-दुनिया में लीलाधर के कई अद्भुत मंदिर हैं, जिनकी कथा या बनावट हैरत में डाल देती है। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के ऐतिहासिक शहर



चित्तौड़गढ़ में है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरी तरह से एक अकेली बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसे सांवलिया जी मंदिर कहा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है। आज भी वैज्ञानिक और इतिहासकार इस मंदिर के निर्माण के पीछे छिपे प्राचीन खगोलीय ज्ञान को सराहते हैं। विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है मंदिर- यह मंदिर न सिर्फ अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है, बल्कि आकाशीय घटनाओं के साथ अपने गहरे संबंध के लिए भी चर्चा में रहता है। सांवलिया जी मंदिर एक विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है, जिसकी ऊंचाई और बनावट देखकर हैरानी होती है। सदियों पुरानी इस इमारत में कारीगरों की अद्भुत कारीगरी दिखाई देती है। दीवारों पर बारीक नक्काशी, देवी-देवताओं की मूर्तियां और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्य इस मंदिर को एक जीवंत कलाकृति बना देते हैं।

# पुलिस परीक्षा देने गए सगे भाइयों की हुई मौत

### गांव पहुंचा मृतकों का शव मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजौली गांव निवासी जीतेंद्र कुमार तथा राजा पुत्र गण विजय बहादुर की महोबा जनपद में एक झील में नहाते हुए डूब कर मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार राजा तथा रंजीत दोनों भाई पुलिस परीक्षा में गए थे बड़ा भाई जीतेंद्र महोबा में ही निवास करता था जहां पुलिस परीक्षा के पश्चात सभी झील में स्नान करने गए वही स्नान करते समय जीतेंद्र तथा छोटा भाई राजा झील की गहराइयों में चले गए जहां डूबने से उनकी मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं महोबा पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर मृतकों का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौपा वही मृतकों का शव बिजौली गांव पहुंचा जहां हाहाकार मच गया गांव में शोक की लहर दौड़ गई तथा माता रामसखी पिता विजय बहादुर समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था मिली जानकारी के अनुसार मृतकों के शव का दाह संस्कार यमुना घाट बारा गांव में संपन्न किया जाएगो

# दूध लेने जा रहे युवक पर किया जानलेवा हमला दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत घर से दूध लेने जा रहे युवक पर घात लगा आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा मजरे नैकमऊ निवासी अंकित कुमार पुत्र स्व०रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह रविवार शाम अपने घर से दूध लेने रघुवीर खेड़ा जा रहा था तभी रास्ते में खड़े लकी, प्रिंश, अनुराग उर्फ गुड्डु निवासी लालाखेड़ा मोनू पुत्र कृष्ण कुमार निवासी रामचरनखेड़ा व 2 अन्य व्यक्ति अचानक गाली देते हुए लाठी डण्डों से मारने पीटने लगे जिससे उसे गंभीर चोटें आई। गाँव के अन्य लोगो के आ जाने पर वे सभी जान से मारने की धमकी देकर भग गए। मारपीट दौरान ही एक चैन, दो अंगूठी और 50,000 नगद भी गिर गया जो मिला नहीं। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बहराइच में दर्दनाक हादसे ने झकझोरा पूरा इलाका

### 5 वर्षीय मासूम अभय यादव की मौत से मातम में डूबा गांव

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, हर आंख हुई नम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। थाना रानीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोबरहा स्थित सिटी चौराहे के पास घटित एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को शोक और सदमे में डाल दिया है। एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए 5 वर्षीय मासूम अभय यादव की मौत हो गई। इस घटना ने न केवल एक परिवार की खुशियां छीन लीं, बल्कि पूरे गांव को गहरे दुख में डुबो दिया है। जिस घर में कुछ समय पहले तक बच्चे की मासूम किलकारियां गूंज रही थीं, वहां अब मातम, चीख-पुकार और आंसुओं का सैलाब दिखाई दे रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार अभय यादव, महराजदीन यादव उर्फ पप्पू यादव का पुत्र था। परिवार के लोगों का कहना है कि अभय घर का सबसे छोटा बेटा था और सभी का बेहद लाड़ला था। उसकी हंसी और मासूमियत पूरे परिवार की खुशियों का केंद्र थी। लेकिन एक पल में हुए इस हादसे ने परिवार की दुनिया उजाड़ दी। दुर्घटना के बाद परिजन बदहवास हालत में उसे लेकर मेडिकल कॉलेज बहराइच पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा अस्पताल में मौजूद लोगों के अनुसार, मासूम को बचाने की उम्मीद में परिवार लगातार डॉक्टरों से गुहार लगाता रहा, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित किया, अस्पताल का माहौल भी गमगीन हो गया। मां की चीखें सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। पिता गहरे सदमे में नजर आए और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया घटना की सूचना गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीण बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के घर पहुंचने लगे। हर कोई



इस दुखद घटना पर अफसोस जताता दिखाई दिया। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि इतनी कम उम्र में किसी मासूम का दुनिया छोड़ जाना पूरे समाज के लिए बेहद पीड़ादायक है। लोगों का कहना है कि अभय सभी का चहेता था और गांव में हर किसी के चेहरे पर उसकी यादों का दर्द साफ दिखाई दे रहा है स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना में शामिल बाइक चालक भी ग्राम पंचायत गोबरहा का ही निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और सभी तथ्यों को एकत्र किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी घटना की जानकारी मिलते ही थाना रानीपुर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए। पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, घटनास्थल की स्थिति और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है इस दर्दनाक हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी वाले क्षेत्रों और चौराहों के आसपास वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। लोगों का मानना है कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और सख्ती से पालन ही ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद कर सकता है फिलहाल ग्राम पंचायत गोबरहा में शोक का माहौल है। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर व्यक्ति इस घटना की चर्चा करते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित परिवार के घर पर लोगों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। हर कोई परिवार को सांत्वना देने की कोशिश कर रहा है, लेकिन एक मासूम की असमय मौत का दर्द शब्दों में बयां करना आसान नहीं है मासूम अभय यादव की यह दुखद मृत्यु पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐसी घटना बन गई है जिसने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया है। परिवार न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गांव के लोगों का कहना है कि वे चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और जो भी तथ्य सामने आएं, उनके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# अनियंत्रित कार पुलिया से टकराई, चार घायल



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र के राजापुर गांव के पास सोमवार शाम एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई, जिससे उसमें सवार चार युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी भेजा। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम करीब पांच बजे राजी चौराहा से नानपारा की ओर जा रही टियागो कार (यूपी 40 बीपी 2184) राजापुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में कार सवार अनुज कुमार मिश्रा (19), मोहित उर्फ कुंदन मिश्रा (28), अरुण कुमार मिश्रा (25) निवासी मिश्रण पुरवा, नरोत्तमपुर तथा सुंदरम सिंह (20) निवासी नानपारा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महसी भेजा। अग्रिम पुलिसिया जाँच पड़ताल जारी है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में योग अभ्यास का शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से सोमवार को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर परिसर में प्रातःकालीन योग अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि योग शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा किया जाएगा। योग अभ्यास के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा नियमित योग के लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के योग प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में योग अभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। आयोजकों ने कहा कि नियमित योग से व्यक्ति निरोगी जीवन की ओर अग्रसर होता है तथा तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन जीने में सहायता मिलती है।

# तड़पते रहे राजा बाबू, मदद को आगे आए रूकनापुर खुर्द के सईदुर्रहमान

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। आज के दौर में जहां लोग अक्सर मुसीबत में फंसे व्यक्ति को देखकर भी अनदेखा कर देते हैं, वहीं रूकनापुर खुर्द निवासी सईदुर्रहमान ने मानवता और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार अमवा मौलवी मटेरा निवासी राजा बाबू पुत्र कासिम ईको वाहन से लखनऊ जा रहे थे। वहां से उन्हें ट्रेन पकड़कर कश्मीर जाना था। यात्रा के दौरान कैसरगंज क्षेत्र में ऐनी टोल प्लाजा के निकट अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठने लगा और उनकी हालत गंभीर हो गई। दर्द इतना बढ़ गया कि वह यात्रा करने की स्थिति में नहीं रहे। बताया जाता है कि उनकी बिगड़ती हालत देखकर ईको वाहन चालक ने उन्हें पास स्थित एक पेट्रोल पंप के बाहर उतार दिया और वहां से चला गया। पेट्रोल पंप के बाहर राजा बाबू दर्द से तड़पते हुए जमीन पर पड़े रहे। आसपास मौजूद लोग उन्हें देखते रहे, लेकिन किसी ने अस्पताल पहुंचाने या उनकी मदद करने की पहल नहीं की। इसी बीच वहां पहुंचे रूकनापुर खुर्द निवासी सईदुर्रहमान की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना समय गंवाए तत्काल एंबुलेंस बुलवाई और स्वयं उनके साथ अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद सईदुर्रहमान ने उनके उपचार की व्यवस्था कराई तथा उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। इतना ही नहीं, जब तक परिजन अस्पताल नहीं पहुंच गए, तब तक वह लगातार उनके साथ मौजूद रहे और उनकी देखभाल करते रहे। उनके इस व्यवहार ने यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है। स्थानीय लोगों ने सईदुर्रहमान के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति मुसीबत में पड़े लोगों की इसी तरह मदद करे तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। संकट की घड़ी में एक अनजान व्यक्ति की मदद कर सईदुर्रहमान ने समाज के सामने मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# एक वर्ष से कूड़े के ढेर में बे-पानी पड़ा सरकारी नल

### जल्द ही सही हो सकेगा इंडियामार्का हैंडपंप: बीडीओ शिवपुर

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। कूड़े के ढेर में दबा पड़ा इंडियामॉर्का हैंडपंप एक वर्ष से नहीं दे रहा पानी, मुख्य मार्ग से लगा हुआ एक बस्ती का यह इंडियामार्का नल बीते 1 वर्ष से कूड़े के ढेर में पानी विहीन रह रहा है। इससे साफ ज्ञात होता है कि डबल इंजन सरकार की चलाई गई घर-घर पानी की योजना का धरातलीय विकास पर कितना असर हुआ है। स्वच्छता अभियान की योजना भी यहां हो रही बे असर। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार के मजरा कबाडियनपुरवा निवासी एक महिला ने बताया कि यहाँ पर लगा इंडियामार्का हैंडपंप बीते एक वर्ष से कूड़े के ढेर में खराब पड़ा हुआ है। पंचायत में शिकायत के बाद भी आज तक सही नहीं हुआ है। वहीं आज एक बच्चा पानी की लालसा में उस बेरुख बिगड़े नल से लिपटकर खड़ा रहा, तब मुझे डबल इंजन



सरकार द्वारा संचालित घर-घर पानी की योजना का वादा सत्य दिखाई पड़ा। चिलचिलाती धूप में जहां सभी प्रकार के प्राणियों के लिए पानी की वर्तमान में अति आवश्यकता होती है तो वही मुख्य मार्ग पर बस्ती से लगा हुआ इंडियामार्का हैंडपंप कूड़े के ढेर में बीते एक वर्ष से बिगडे होने का दावा किया गया है। क्या यही है डबल इंजन सरकार का विकास? शिवपुर ब्लाक प्रशासन वर्तमान में बिगड़े पड़े इंडियामार्का हैंडपंपों को तो सही करवा ही दें, जिससे कि सभी को पानी की समस्या से निजात मिल सके। वहीं खंड विकास अधिकारी शिवपुर ने बताया है कि जल्द ही इस हैंडपंप को सही करवा दिया जाएगा।

# पेय जल संकट से जहानाबाद कस्बे में मची त्राहि त्राहि



### लगभग 1 वर्ष से मिनी नलकूप बना सफेद हाथी

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद कस्बे में पेयजल संकट तथा विद्युत आपूर्ति के संकट से आम नागरिक का जनजीवन पूर्ण रूप से छिन्न भिन्न हो चुका है कस्बे के मिंया टोला लालूगंज गढ़ी कटरा चुनपुज बेहनौटा छोटी बजरिया बांध ऊपर समेत कई मोहल्ले पीने के पानी को तरस रहे हैं इसी समस्या को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा लगभग 3 वर्ष पूर्व बांध ऊपर मोहल्ले में एक मिनी नलकूप निर्मित कराया गया था नगर पंचायत में एस्टीमेट के लिए 751116 रुपए भी जमा किया परंतु विकास कार्य जस का तस रहा नगर पंचायत द्वारा लगभग 1 वर्ष पूर्व विद्युत विभाग को 751 000 जमा किए गए इसके बाद भी बिजली विभाग की लापरवाही के चलते कोई कार्य आगे नहीं बढ़ाया गया कस्बे के निवासियों में गहरा आक्रोश दिखाई दिया वही पीने का पानी दैनिक दिनचर्या पशुओं के लिए जल इत्यादि की समस्याओं से आम जनमानस पूर्ण रूप से जूझते नजर आ रहे हैं

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

जानकारी लेने पर जहानाबाद विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता विनोद तोमर ने बताया कि अधिशासी अभियंता को इस मामले की पूर्ण जानकारी देते हुए ठेकेदार की शिकायत की गई है वहीं इसी सप्ताह के अंदर यह कार्य हर स्थिति में कराते हुए नागरिकों को राहत प्रदान की जाएगी

# ग्रीष्मावकाश में भी ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित कर रहा ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल

### शिक्षा के क्षेत्र में रच रहा नई मिसाल, मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान

अमन लेखनी समाचार / विनोद जायसवाल



बहराइच। हुजूरपुर जहां अधिकांश विद्यालय ग्रीष्मावकाश के दौरान पूरी तरह बंद होकर शैक्षणिक गतिविधियों पर विराम लगा देते हैं, वहीं हुजूरपुर क्षेत्र का ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल शिक्षा, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। भीषण गर्मी और छुट्टियों के बीच भी विद्यालय के शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने में पूरे समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। विद्यालय की यह अनूठी पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और अभिभावक इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक क्रांति के रूप में देख रहे हैं विद्यालय प्रबंधन द्वारा मई और जून के ग्रीष्मावकाश में भी प्रतिदिन विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, अभ्यास कार्य एवं गृहकार्य उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चे नियमित रूप से अपना कार्य पूरा कर शिक्षकों को भेज रहे हैं, जिसे शिक्षक स्वयं जांचकर आवश्यक सुधार एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में निरंतरता बनी हुई है और उनका शैक्षणिक स्तर लगातार मजबूत हो रहा है विद्यालय द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित किए जा रहे निःशुल्क ऑनलाइन टेस्ट ने विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार कर दिया है। इसी क्रम में आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में विशेष समारोह आयोजित कर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर गौरवान्वित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास, खुशी और सफलता की चमक साफ दिखाई दे रही थी, जबकि अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की विद्यालय के प्रबंधक मुस्तकीम अहमद ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। जो विद्यार्थी आज प्रयास करेंगे, वही कल समाज और देश का नाम रोशन करेंगे प्रधानाध्यापक मस्तराम मौर्य ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर ज्ञान, अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास करना है। उन्होंने कहा कि ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है विद्यालय के शिक्षकों सुधीर यादव, शिवकुमार मिश्र, अनिल भास्कर एवं संतोष सागर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो, इसके लिए विद्यालय परिवार पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। ऑनलाइन टेस्ट और नियमित अध्ययन सामग्री के माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने और स्वयं का मूल्यांकन करने का निरंतर अवसर मिल रहा है क्षेत्र के अभिभावकों का कहना है कि वर्तमान समय में जब अधिकांश विद्यालय छुट्टियों के दौरान शिक्षण कार्य से दूरी बना लेते हैं, ऐसे समय में ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल के शिक्षक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा और मार्गदर्शन देकर शिक्षा के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा का परिचय दे रहे है अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों को बच्चों के भविष्य के प्रति समर्पित बताते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की शिक्षा जगत में ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा दे रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो छुट्टियां भी शिक्षा के मार्ग में बाधा नहीं बन सकतीं। विद्यालय का यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र के अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है और आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# 25 जून तक कराएं मंडी लाइसेंस का नवीनीकरण, नई गारंटी व चौहद्दी अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। मंडी परिषद द्वारा कृषि वर्ष 2026-27 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में समस्त थोक व्यापारियों एवं आढ़तियों को सूचित किया गया है कि कृषि वर्ष 2025-26 की अवधि समाप्त होने के उपरांत नए कृषि वर्ष के लिए लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। मंडी समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी लाइसेंसधारकों को अपना लाइसेंस 25 जून 2026 तक नवीनीकृत कराना होगा। नवीनीकरण के लिए लाइसेंस में पूर्व में लगी गारंटी के स्थान पर ?10 के स्टांप पेपर पर नोटरीकृत नई गारंटी प्रस्तुत करनी होगी। इसके साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान की चौहद्दी (सीमांकन विवरण) भी उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नई गारंटी एवं चौहद्दी संबंधी दस्तावेज जमा करने के बाद ही लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न करने वाले व्यापारियों एवं आढ़तियों को लाइसेंस नवीनीकरण में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। यह निर्देश निदेशक, मंडी परिषद, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं।

# वेतन वृद्धि समेत अनेक मांगों को लेकर कर्मचारियों ने कंपनी में किया प्रदर्शन

### ठेकेदारों द्वारा शोषण के विरुद्ध गोकुल फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों ने उठाई आवाज

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गोधरौली गांव के समीप स्थापित गोकुल फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों ने कंपनी के ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे शोषण के विरुद्ध आक्रोश जताते हुए कंपनी के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से कार्य कर रहे श्रमिकों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई वहीं बोनस फंड राज्य कर्मचारी बीमा आदि योजनाओं का भी लाभ श्रमिकों को नहीं मिल रहा कंपनी के ठेकेदार श्रमिकों के साथ शोषण कर रहे हैं गोकुल फ्रूट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में अधिकतर महिला श्रमिक कार्य कर रही हैं जिसमें सभी महिलाओं को ठेकेदार द्वारा 12 घंटे काम लेकर मात्र 300 रुपए की प्रतिदिन मजदूरी दी जा रही है आकस्मिक बीमारी या स्वास्थ्य बिगड़ने पर कंपनी द्वारा कोई भी राहत नहीं मिलती तथा कर्मचारियों ने बताया कि अवकाश लेने पर भी समस्याएं खड़ी होती हैं इन्हीं सभी समस्याओं से आहत होकर सभी श्रमिक कर्मचारियों ने कल सुबह पहर कंपनी के मुख्य गेट के सामने हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया जानकारी मिलने पर औंग थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला मौके पर पहुंचे तथा श्रमिकों को शांत कराया वहीं प्रशासन की मौजूदगी में श्रमिकों ने कंपनी के प्रबंधक प्रवीण शुक्ला को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कार्य करने का समय 12 घंटे की जगह 8 घंटे करने की मांग की वही प्रतिदिन का मजदूरी भुगतान 600 रुपये प्रतिदिन की भी मांग श्रमिक महिलाओं ने किया

# भाजपा मण्डल हाटा नगर की मासिक बैठक संपन्न

कुशीनगर, भारतीय जनता पार्टी मण्डल हाटा नगर की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को सं पन्न हुआ। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कुशीनगर जगदम्बा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा रहे। मुख्य अतिथि जगदम्बा सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के युवा नेता कसीम अहमद बने प्रदेश सचिव



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नव नियुक्त प्रदेश सचिव कसीम अहमद ने कहा कि आज देश और प्रदेश में महंगाई चरम पर है। युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं मिल पा रहे हैं, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह किसान, मजदूर, युवा, जवान और मजलूमों की आवाज बनकर उनके हक और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे तथा संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# भारत ने अफगानिस्तान को पारी व 300 रन से हराया

## भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही

एजेंसी




मुल्लांपुर। भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुतार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिये इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुतार के छह विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35 . 5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने चार और कुलदीप यादव ने तीन विकेट चटकाये।

भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिये राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए। मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बायें हाथ के स्पिनर सुतार रहे। पदार्पण में एक पारी के पांच विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुतार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास और जडेजा के कैरियर के आखिरी दौर के बीच सुतार के लिये यह सर्वश्रेष्ठ समय भी है। अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। इस साल दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया।

रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुतार ने सुबह जब पारी में पांच विकेट पूरे किये तो यह कारनामा देखने के लिये मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे। अपने पहले टेस्ट में पारी के पांच विकेट लेने वाले वह सातवें स्पिनर बने। वहीं दूसरी ओर बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने अपने करियर की पहली पारी में ही छह विकेट लेने का कारनामा किया जिससे भारत ने एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच की तीसरे दिन सोमवार को यहां लंच से कुछ देर पहले अफगानिस्तान को पहली पारी में 152 रन पर समेट दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से उसने अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 412 रन की बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान ने फॉलोऑन के बाद लंच तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 18 रन बनाए। इस तरह से भारत अभी अफगानिस्तान से 394 रन आगे है। लंच के समय सेदिकुल्लाह अटल 16 और अब्दुल मलिक दो रन पर खेल रहे थे। सुथार ने 33 रन देकर छह विकेट लिए। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 37 रन देकर तीन और ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने 21 रन देकर एक विकेट लिया। यह खेदजनक था कि जब टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे सुथार ने एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की तो स्टेडियम में इसका जश्न मनाने के लिए मुश्किल से 500 लोग ही मौजूद थे। उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट मैच में एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने वाले 10वें भारतीय गेंदबाज बनकर इतिहास रचा। वह अपने पहले ही टेस्ट मैच में यह मुकाम हासिल करने वाले सातवें स्पिनर हैं।

अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के पास सुथार की बलखाती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। दूसरे दिन दोपहर में अपनी गति और धीमी पिच पर टर्न हासिल करने अपनी क्षमता से प्रभावित करने के बाद यह तो तय था कि वह पांच विकेट पूरे कर लेंगे। अफगानिस्तान की तरफ से रहमत शाह (135 गेंदों पर 60 रन) एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने कुछ संघर्ष किया। उन्होंने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवाया।

सुथार का यह पारी में पांचवा विकेट था। रहमत और चोटिल शराफुद्दीन अशरफ (11) ने बीच में लगभग 11 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया था।

### मैंने सीखा कि टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता ही सबकुछ है : सुथार

मुल्लांपुर। अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के खब्बू स्पिनर मानव सुथार ने कहा कि क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में निरंतरता और धैर्य ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी और 300 रन की विशाल जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सुथार को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सुथार ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि निरंतरता ही सब कुछ है। आपको बार-बार एक ही क्षेत्र में गेंदबाजी करनी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें धैर्य की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, मैंने यही सीखा है कि धैर्य के साथ अपनी योजनाओं पर कायम रहें और लगातार सही लाइन व लेंथ पर गेंदबाजी करते रहें। इस 23 साल के गेंदबाज ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अपने सपने को सच करने जैसा है। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय अनुभव था।

# भारत को उलानबटोर ओपन में तीन स्वर्ण सहित 17 पदक

एजेंसी



उलानबटोर। भारत ने उलानबटोर ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार अंत किया जब यहां प्रतियोगिता के अंतिम दिन दीपक (61 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। रविवार को इन तीनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पुरुष फ्रीस्टाइल में सात पदक हासिल करने में सफल रहा।

भारत ने फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती में कुल मिलाकर 17 पदक जीते और टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल रहा। दीपक ने कजाखस्तान के आसिल एताकिन को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर 61 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि दिनेश ने 125 किग्रा के फाइनल में कजाखस्तान के येदिगे कासिमबेक को 2-0 से हराया। सागर ने रूस के तामिर एशिनिमाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर 74 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारत के लिए फ्रीस्टाइल वर्ग में सुमित (57 किग्रा), कुमार मोहित (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने चार कांस्य पदक भी जीते जिससे भारत टीम चैंपियनशिप में रूस के बाद उप विजेता रहा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, हमारी फ्रीस्टाइल टीम का उप विजेता बनना और ग्रीकोरोमन टीम का ओवरऑल चैंपियनशिप जीतना भारतीय कुश्ती के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच 17 पदक जीतना महाद्वीपीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी क्षमता को दर्शाता है। इससे पहले भारत के ग्रीकोरोमन पहलवानों में सुनील (87 किग्रा) और नितेश (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि साहिल ने 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। भारत की ग्रीकोरोमन टीम ने 119 अंक के साथ ओवरऑल टीम खिताब जीता। महिला पहलवानों ने सात पदक जीते जिसमें मनीषा (57 किग्रा), नेहा (59 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। नीलम (50 किग्रा), हंसिका लाम्बा (55 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को 50 लाख का पुरस्कार दिया

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को सोमवार को यहां 50 लाख रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रज्ञानानंदा ने ओस्लो में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर खिताब जीता था।

मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को सम्मानित करने के बाद इस युवा ग्रैंडमास्टर के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली। प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में जीत को अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मैग्नस कार्लसन सहित दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराना इस खिताब को विशेष रूप से यादगार बनाता है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में हुई थी और इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी इसे जीत नहीं पाया था।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री के समर्थन से योगासन को ओलंपिक खेल बनाने की मुहिम तेज

अहमदाबाद। विश्व योगासन और योगासन भारत के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन के कारण योगासन को ओलंपिक खेल बनाने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि योगासन का एक खेल के रूप में अच्छा भविष्य है और इसे ओलंपिक में शामिल करना वास्तविक लक्ष्य है। आर्य ने कहा, हमें अब प्रधानमंत्री का समर्थन मिल गया है। अब यह खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, आप किसी भी देश के प्रतिनिधि से बात करें, वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस खेल के बारे में बात की है और इससे उन्हें इसमें भाग लेने का प्रोत्साहन मिला। आर्य ने कहा, प्रधानमंत्री के बयान के बाद योगासन से जुड़े लोगों को आत्मविश्वास मिला है और अब यह विश्वास बन गया है कि यह ओलंपिक खेल बन सकता है। इसके लिए हमें अच्छी तैयारी करनी होगी। आर्य ने कहा कि योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में बढ़ावा देने में सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि योग को केवल आध्यात्मिक या स्वास्थ्य लाभ के रूप में देखा जाता था लेकिन अब यह धारणा बदल रही है।

### हिमाचल के मुख्यमंत्री ने बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का किया उद्घाटन

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला के संजौली इलाके में एक बहुउद्देशीय स्टेडियम का उद्घाटन किया। यहां जारी एक बयान के अनुसार 3.18 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं के लिए एक ओपन मैदान, एक हॉल, एक ओपन हॉल और एक रसोईघर के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पहले चिट्टा जागरूकता वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भी किया और जीतने वाली टीम के लिए एक लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन महोत्सव शिमला के हिस्से के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने संजौली मैदान को और बेहतर बनाने के लिए एक करोड़ रुपये, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बनाने और संजौली होली मेले को जिला स्तर का दर्जा देने की घोषणा की।

# डॉ. आनंद किशोर को मिला 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

लखनऊ। शिक्षा, खेल एवं खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) एवं एसएनआई स्पोर्ट्स कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय को 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित जिमखाना क्लब, लखनऊ में आयोजित 'न्यू इंडिया एजुकेशन एक्सीलेंस अवाड्र्स-2026' समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें विद्यालयी खेलों के विकास, खेल शिक्षा के प्रसार, खेल अवसंरचना निर्माण तथा खेल सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षा एवं खेल क्षेत्र से जुड़े



कई प्रमुख व्यक्तित्वों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अनएडेड स्कूल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक राजीव तुली और सुनील तुली, अवध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ऋषि गोयल एवं अन्य को सम्मानित किया गया।

### विश्व कप के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

अंताल्या। नये चेहरों के साथ उतर रही भारतीय तीरंदाजी टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे विश्व कप तीसरे चरण के जरिये आगामी एशियाई खेलों की तैयारी शुरू करेगी। स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी का महिला रिकर्व टीम में नहीं होना चर्चा का केंद्र है जबकि पिछले महीने ही वह शंघाई में विश्व कप स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। भारत ने ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया और मेजबान चीन को हराते हुए खिताब जीता था। शंघाई विश्व कप के बाद भारतीय तीरंदाजी संघ ने विश्व कप के तीसरे और चौथे चरण के साथ एशियाई खेलों के लिये भी चयन ट्रायल आयोजित किये। ट्रायल में दीपिका, उनके ओलंपियन पति अतनु दास और एशियाई खेल कंपाउंड चैम्पियन ओजस देवताले शीर्ष तीन में नहीं रहे।

# ताजिकिस्तान पर सम्मान बचाने उतरेगा भारत



एजेंसी

हिसोर (ताजिकिस्तान)। पिछले मुकाबले में ताजिकिस्तान से करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे और अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में अपनी गिरती हुई लय पर विराम लगाने और सम्मान बचाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। ताजिकिस्तान ने शुक्रवार को इसी मैदान पर खेले गये मुकाबले में भारत को 3-। से हराया था। पूरे मैच के दौरान भारतीय टीम रक्षापंक्ति की गलतियों, मध्यपंक्ति में तालमेल और रचनात्मकता की कमी दिखी। इसके साथ ही आक्रमण पंक्ति भी सीमित अवसरों को भुनाने में विफल रही। भारत ने पिछले साल अगस्त में सीएएफए नेशंस कप में ताजिकिस्तान को हराया था। वह राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच खालिद जमील का पहला मुकाबला था। टीम हालांकि उस जीत से प्रेरणा लेने में नाकाम रही और पिछले महीने लंदन में खेले गए यूनिटी कप से चला आ रहा खराब प्रदर्शन जारी है।

यूनिटी कप में भारत को जमैका से 0-2 और जिम्बाब्वे से 0-1 से हार मिली थी। लगातार तीन हार झेल चुकी भारतीय टीम ने पिछले साल अगस्त से अब तक खेले गए 12 मुकाबलों में केवल तीन जीत दर्ज की हैं। भारत शुक्रवार की हार के बाद फीफा रैंकिंग में तीन स्थान फिसलकर 139वें पायदान पर पहुंच गया, जबकि ताजिकिस्तान तीन स्थान की छलांग लगाकर 100वें स्थान पर है। भारत यूनिटी कप और ताजिकिस्तान के खिलाफ पहला मैत्री मैच मोहन बागान सुपर जायंट के सात खिलाड़ियों के बिना खेला। मोहन बागान ने फीफा विंडो का हवाला देते हुए यूनिटी कप के लिए आखिरी समय में अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को ताजिकिस्तान दौरे के दो मैत्री मैचों के लिए मोहम्मद सनान कुंडोयी, विक्रम प्रताप सिंह और मैकार्टन लुई निक्सन को ताजिकिस्तान के खिलाफ घोषित 22 सदस्यीय टीम में शामिल किया। एशियाई कप के लिए क्वालीफाइ करने में नाकाम रहने के बाद भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट आ रही है तो वहीं पिछले साल अगस्त में भारत से हार का सामना करने के बाद ताजिकिस्तान पिछले सात मैचों में अजेय है। टीम ने एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन भी हासिल कर लिया है। दोनों टीम के बीच सात मैचों में चार ताजिकिस्तान ने जीते है जबकि भारत को दो सफलता मिली है। एक मैच बराबरी पर छूटा है। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे शुरू होगा।

### टीम को अब बदलाव के दौर के नजरिये से देखना बंद करना होगा : गावस्कर

मुल्लांपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी के बजाय बल्लेबाजी को भारत की सबसे बड़ी चिंता बताते हुए सोमवार को कहा कि टीम को अब बदलाव के दौर (ट्रांजिशन) की सोच से बाहर आना होगा। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन पारी और 300 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने पहली पारी में छह विकेट समेत मैच में कुल सात विकेट लिए। गावस्कर ने जियोस्टार के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में कहा कि हर टीम में समय-समय पर खिलाड़ियों का आना-जाना और बदलाव होता है, लेकिन प्रदर्शन के स्तर को बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि टीम को बदलाव के दौर में बताने के बजाय टेस्ट क्रिकेट के मानकों पर परखा जाए। हर टीम में संन्यास, नए खिलाड़ियों का आना और बदलाव होते रहते हैं, लेकिन ध्यान प्रदर्शन पर होना चाहिए। गावस्कर ने कहा, भारत के हाल के टेस्ट नतीजों को देखें तो गेंदबाजों ने अपना काम काफी हद तक किया है।

# विश्व कप : भारत के सलामी बल्लेबाजों व गेंदबाजों की फॉर्म की चिंता का विषय



एजेंसी

नयी दिल्ली। आठ महीने के अंदर दूसरा आईसीसी खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 12 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में परचम लहराने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर रहना पड़ सकता है, क्योंकि उसके सभी विभागों में कुछ न कुछ कमियां हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा था लेकिन तब भी उसकी टीम को बीच में संघर्ष करना पड़ा था। ऐसे में जेमिमा रोड्रिग्स ने जिम्मेदारी संभाली और भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुछ समय पहले तक ऐसा लग रहा था कि भारत ने सबसे छोटे प्रारूप में लगभग सभी विभाग में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से लगातार दो श्रृंखला हारने से उसकी कमजोरियां उजागर हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना का प्रदर्शन हाल ही में अच्छा नहीं रहा है।

यही नहीं निचले क्रम के बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम की प्रमुख पावर हिटर ऋचा घोष 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से पहले रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी बल्ले और गेंद दोनों से ही निराशाजनक रहा है। भारत की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी के अनुसार भारत की मुख्य समस्या बल्लेबाजी और फील्डिंग से नहीं बल्कि गेंदबाजी विभाग से जुड़ी है। उनकी चिंताएं जायज हैं क्योंकि इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 181 रन के मुश्किल लक्ष्य को आसानी से हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला जीती। चोटिल ऑलराउंडर काश्वी गौतम और अमनजोत कौर की अनुपस्थिति ने टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है। भारतीय टीम स्पिन गेंदबाजों पर अधिक निर्भर रही है और तेज गेंदबाजी विभाग में उसके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में नंदिनी शर्मा का अच्छा प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक पहलू रहा है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है।

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने वापसी के बाद से ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, लेकिन कुल मिलाकर गेंदबाजी बहुत ज्यादा आत्मविश्वास नहीं दिलाती है। रंगास्वामी ने पीटीआई से कहा, हाल में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन उनका रवैया सकारात्मक बना हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे विजेता बनने में सफल रहेंगे।



### 25मीटर पिस्टल में राही शीर्ष, मनु दूसरे पायदान पर

देहरादून। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 (टी4) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ट्रायल का आयोजन भारत की एशियाई खेलों की निशानेबाजी टीम के चयन के लिए किया जा रहा है। ओलंपियन राही पूरे फाइनल के दौरान लय में नजर आईं। उन्होंने 37 निशाने के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया। मनु भाकर 35 निशाने के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 29 निशाने के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर 24 निशाने के साथ चौथे स्थान पर रहीं। ओलंपियन रिदम सांगवान 22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रहीं जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर ने 18 निशाने के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की अभिद्न्या अशोक पाटिल 13 निशाने के साथ सातवें स्थान पर रहीं, जबकि क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की चिंकी यादव फाइनल में नौ हिट्स के साथ आठवें स्थान पर खिसक गईं।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधू की निगाह खिताब पर

एजेंसी



सिडनी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है।

इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा। पुरुष एकल में विश्व के 20वें नंबर के खिलाड़ी और यहां छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे।

**पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई**

एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे। पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर में चीनी ताइपे के ली फांग-चिह और ली फांग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में कोई भी भारतीय जोड़ी भाग नहीं ले रही है।

# स्वास्थ्य विभाग की शह पर फलता-फूलता रहा अवैध अस्पतालों का गोरखधंधा

## अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी के भरोसे हो रहा प्रसव और भ्रूण हत्या जैसा घिनौना खेल

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई)। नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही और नाकामी के चलते अवैध निजी अस्पतालों का जाल तेजी से पैर पसार रहा है। अल्हापुर तिराहे से लेकर पाली रोड तक ऐसे दर्जनों से अधिक निजी अस्पताल बेखौफ संचालित हो रहे हैं, जहाँ मानकों को ताक पर रखकर मरीजों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। इन तथाकथित अस्पतालों के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर उन पर नामचीन डॉक्टरों और लंबी-चौड़ी डिग्रियों का प्रदर्शन तो किया गया है, लेकिन हकीकत में इन केंद्रों पर कोई भी योग्य या डिग्री-डिप्लोमा धारक डॉक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं रहता है। स्थिति इतनी भयावह है कि बिना किसी विशेषज्ञ के, यहाँ मौजूद अनट्रेंड स्टाफ खुद ही डिलीवरी (प्रसव) जैसे संवेदनशील कार्य को अंजाम दे रहा है। इतना ही नहीं, इन बंद कमरों के भीतर भ्रूण हत्या जैसे गंभीर और कानूनन जुर्म को भी धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। सही इलाज न मिलने और तकनीकी खामियों के कारण आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले भोले-भाले मरीज इन झोलाछाप संचालकों की लापरवाही की वजह से मौत का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्र में फैले इस काले कारोबार को चलाने के लिए इन अस्पताल संचालकों ने बाकायदा दलालों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार कर रखा है। ग्रामीण इलाकों से आने वाले सीध-साधे और अनपढ़ मरीजों को ये दलाल बहला-फुसलाकर और झांसे में लेकर इन अवैध अस्पतालों तक पहुँचाते हैं। इसके बाद भर्ती मरीजों के परिजनों से इलाज और आपरेशन के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। वसूली गई इस अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा इन दलालों और बिचौलियों में कमीशन के तौर पर बांट दिया जाता है। मोटे मुनाफे और अंधाधुंध कमाई के चक्कर में ये संचालक तीमारदारों को लूटने में जोर-शोर से लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की अकर्मण्यता और कथित मूक सहमति के कारण ही इन संचालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि इन्हें न तो प्रशासन का भय है और न ही कानून का। इस पूरे मामले में यदि स्वास्थ्य विभाग ने जल्द ही कोई सख्त कदम उठाते हुए इन फर्जी अस्पतालों पर छापेमारी और सीलिंग की कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले समय में कई और मासूमों को अपनी जान गंवानी पड़ सकती है।

# अन्नपूर्णा भवन निरीक्षण के दौरान एसडीएम पर हमला, सिर में लगी गंभीर चोट; 6 टांके आए

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम परियाल में अन्नपूर्णा भवन के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पर कथित रूप से दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में एसडीएम गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसडीएम सुधीर मिश्रा अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण करने ग्राम परियाल पहुंचे थे। इसी दौरान जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत के पुत्र उदयवीर तथा उसके साथियों पर एसडीएम के साथ मारपीट और हमला करने का आरोप है। हमले में एसडीएम के सिर पर गंभीर चोट आई और उनका सिर फट गया। घायल एसडीएम को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनके सिर पर 6 टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें गहरी चोट आई है, हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। गांव परियाल में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इस घटना ने प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में घटना को लेकर व्यापक चर्चा बनी हुई है।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 25 चोरी के वाहन बरामद

## मुखबिर की सूचना पर जंगल में दबिश, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

### खुलासा

**अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह**




कासिमपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कासिमपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की 22 मोटरसाइकिलें, 3 स्कूटी, एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बरामद दोपहिया वाहनों की कुल संख्या 25 बताई गई है।

### बबूल के जंगल में छिपाए गए थे चोरी के वाहन

पुलिस के अनुसार सोमवार को कासिमपुर थाना क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बनियनखेड़ा मजरा घुसपाहा के पास स्थित बबूल के जंगल में कुछ बदमाश बड़ी संख्या में चोरी की मोटरसाइकिलें छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना में यह भी बताया गया कि आरोपी वाहनों को किसी बड़े वाहन में लादकर दूसरे जिलों में बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जंगल की घेराबंदी कर दी। पुलिस की दबिश से बदमाशों में हड़कंप मच गया और वे भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से दबोच लिया।

### 25 चोरी के वाहन और अवैध असलहा बरामद

तलाशी के दौरान जंगल में छिपाकर रखी गई 25 चोरी की दोपहिया गाड़ियां बरामद की गईं। इसके अलावा आरोपी शकील के कब्जे से एक अवैध .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। बरामदगी के बाद पुलिस ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### गिरफ्तार किए गए लोग

शकील पुत्र जब्बार निवासी बरगदिया खेड़ा, वीरू पुत्र बालकराम निवासी झौनीखेड़ा मजरा करलांवा, अरबी हसन पुत्र उस्मान निवासी ग्राम कहचारी, कासिमपुर

### लखनऊ, उन्नाव और हरदोई से करते थे वाहन चोरी

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी लखनऊ, उन्नाव और हरदोई समेत विभिन्न जनपदों से दोपहिया वाहन चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान स्थानों और जंगलों में छिपा दिया जाता था। बाद में इन्हें दूसरे जिलों में ले जाकर बेचने की योजना बनाई जाती थी। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

### पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले से चोरी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। मुख्य आरोपी शकील के खिलाफ लखनऊ और हरदोई में वाहन चोरी सहित कई आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। वहीं वीरू और अरबी हसन भी अवैध हथियार रखने और आबकारी अधिनियम के मामलों में जेल जा चुके हैं।

### पूछताछ में खुल सकते हैं कई और राज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एक साथ 25 चोरी के वाहनों की बरामदगी से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ में वाहन चोरी की कई अन्य घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

## खास समाचार

# डेढ़ साल के बेटे के रोने से खुला राज, बंद कमरे में फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। शहर के ऊंचा थोक मोहल्ले में एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। डेढ़ साल के बेटे के लगातार रोने की आवाज सुनकर परिजन कमरे तक पहुंचे, जहां महिला फंदे पर लटकी मिली। उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका अंजू अपने पति विकट बहादुर के साथ किराये के मकान में रहती थी। घटना के समय पति ड्यूटी पर गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज, पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह**

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, सात जून को एक महिला ने थाने में लिखित शिकायत देकर बताया कि 6 जून को उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 230/2026 दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 65(1), 115(2), 352 एवं 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मामला नाबालिग से संबंधित होने के कारण कानूनी प्रावधानों के तहत पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर चोरी करने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 6 जून 2026 को अज्ञात चोर ने वादी के घर का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, बाली, झुमका, चांदी की पायल, कड़ा और आधार कार्ड चोरी कर लिया था। इस संबंध में गीडा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने सोनू वर्मा को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी के आभूषण बरामद किए गए, जिनमें पायल, कड़ा, बाली, टप्स, झुमका और मंगलसूत्र शामिल हैं। साथ ही एक आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी

# रात के अंधेरे में विवादित चकरोड पर मिट्टी गिराने का आरोप

**भट्टे पर अवैध खनन कर चकरोड और निजी भूमि पर गिराई गई मिट्टी पुलिस और राजस्व विभाग से शिकायत कर की गई कार्यवाही की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली नसीराबाद !थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में भट्टे पर अवैध खनन कर विवादित चकरोड और लोगों की भूमिधरी जमीन पर मिट्टी गिरा कर खनन माफिया रफूचक्कर हो गए सुबह हुई तो जमीन मालिकों ने देखा और पुलिस राजस्व विभाग से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गांव निवासी कांटा प्रमोद प्रसाद शुक्ल की निजी जमीन भेलिया में गाटा संख्या 1193 शिव कुमार सिंह का 1194 और शिवबरन साहू 1184 भूमिधरी नम्बर है इसी जमीन के बीच से वर्ष 2018 में बिकास विभाग द्वारा 8 फिट 6 ईन्च का लोगो के राहत एवं आने जाने के लिए चकरोड का निर्माण कार्य कराया जिस पर बीती रात खनन माफियाओ ने गांव के एक व्यक्ति के इशारे पर क्षेत्र के एक भट्टे पर अवैध खनन करते हुए टैक्टर ट्राली से विवादित चकरोड पर करीब 80 ट्रॉली मिट्टी गिराई गई जिसके विरोध में जमीन मालिकों ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि दर्ज खेत में शिवम तिवारी पुत्र सुरेंद्र तिवारी ग्राम पूरे राजा मजरे भेलिया में जेसीबी मशीन से मिट्टी डालकर चकरोड निर्माण कर लिया है और ईंट कंक्रीट आदि हमारे खेत में डाल दिया है सुबह जानकारी होने पर हम लोग बिरोध किया तो विपक्षी गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो गए मामले में नसीराबाद पुलिस का कहना है की शिकायत मिली है लेकिन मामला खनन से जुड़ा है इसलिए राजस्व विभाग और खनन बिभाग का होना अति आवश्यक है जिनकी मदद से जांच और कार्यवाही की जा सके वहीं सलोन एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा है तो जांच के बाद कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी

# आश्रम परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ

रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिलती है जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता।

# जमीन हड़पने वाले भाई ने किया भाई पर हमला

**सात साल से चल रहे जमीनी मामला निस्तारण सून्य**

**अमन लेखनी समाचार**




रायबरेली / कभी एक जमाना था कि भाई को दाहिना हाथ माना जाता था यही नहीं भरत ने भी भाई की गैर मौजूदगी में श्री राम भगवान के शासन काल में बिना उनके कुर्सी पर आशीन हुए चौदह वर्षों तक भाई के जैसे शासन काल चलाकर भाई का दायित्व निभाया था लेकिन आज के घोर इस कलयुग में एक कोख से जन्म लेने वाले भाई इतने क्रूर हो गए हैं कि अपने ही भाई की जमीन जायदाद हड़पकर एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं ताजा मामला थाना सरेनी के लदाखेड़ा मजरे धूरेमऊ का प्रकाश में आया है। जहां एक भाई ने ना सिर्फ अपने भाई की जमीन हड़प ली बल्कि उसकी झोपड़ी को आग के हवाले कर दिया विरोध करने पर जान से मरने की धमकी दे रहा है उपरोक्त मामले की शिकायत पीड़ित भाई ने सीओ लालगंज व एसपी से की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित भाई बलराम सिंह पुत्र माना सिंह निवासी उपरोक्त ने आरोप लगाया है कि उसके भाई किशन सिंह से जमीनी मामले को लेकर विगत 7 वर्षों से विवाद चल रहा है इसके पूर्व भी भाई ने इस कदर मारपीट किया था कि हाथ टूट गया था इसी बीच सुलाह समझौता के नाम पर भाई ने कूट रचित व धोखे से जमीन जायदाद हड़प लिया था किसी तरह भाई के खौफ के साए में गांव के बाहर खेतों में झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा था कि फिर भी क्रूर भाई को दया नहीं आई और उसने पुनः झोपड़ी में आग लगा दी जिससे खाने पीने की सामग्री सहित लगभग पचास हजार का सामान जलकर खाक हो गया है यही नहीं पीड़ित भाई के मुताबिक आए दिन उसके साथ मारपीट व गाली गलौज किया जा रहा है जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की जा चुकी हैं।

# हर विवाद के पीछे एक ही कहानी? जमीन, तनाव और खून-खराबा

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद। गिगियानी का मामला पहला नहीं है। तहसील क्षेत्र में भूमि विवादों को लेकर पहले भी मारपीट, कब्जेदारी के आरोप, फायरिंग और खूनी संघर्ष की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सवाल यह है कि आखिर विवादों का स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पा रहा।

बिल्कुल। यदि खबर का मूल तथ्य वही रखना है, लेकिन प्रस्तुति अलग-अलग अखबारों की शैली में करनी है, तो शीर्षक, उपशीर्षक और एंगल बदलना चाहिए। उदाहरण के तौर पर आपके चारों बॉक्स के लिए अलग-अलग और अधिक आक्रामक/खोजी शीर्षक इस प्रकार हो सकते हैं।

### विवादों से खूनी संघर्ष तक : आखिर किसकी चुप्पी ने बढ़ाया बवाल?

शाहाबाद। गिगियानी की विवादित भूमि पर हुआ खूनी संघर्ष केवल दो पक्षों की लड़ाई नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित पड़े विवादों का विस्फोट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई होती तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते।

### राजस्व अभिलेखों का खेल या प्रशासनिक लापरवाही? उठ रहे बड़े सवाल

शाहाबाद। विवादित भूमि से जुड़े अभिलेख और राजस्व कार्यवाहियां अब चर्चा के केंद्र में हैं। शिकायतकताओं का दावा है कि कई दस्तावेजों और आदेशों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे विवाद की तस्वीर बदल सकती है। क्षेत्र में उच्चस्तरीय जांच की मांग तेज हो रही है।

### हर विवाद के पीछे एक ही कहानी? जमीन, तनाव और खून-खराबा

शाहाबाद। गिगियानी का मामला पहला नहीं है। तहसील क्षेत्र में भूमि विवादों को लेकर पहले भी मारपीट, कब्जेदारी के आरोप, फायरिंग और खूनी संघर्ष की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सवाल यह है कि आखिर विवादों का स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पा रहा।

# मिर्जापुर: कटरा कोतवाली के टटहाई रोड पर भीषण जाम, खुले गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

**अमन लेखनी समाचार**

मिर्जापुर। नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों की बदहाली ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। कटरा कोतवाली क्षेत्र के टटहाई रोड पर शनिवार को भीषण ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। लोगों के अनुसार, जाम की स्थिति इतनी खराब हो गई कि वाहन चालक आपस में गर्मागर्मी करने लगे। महिलाओं और बहनों को अभद्र भाषा में गालियां दी गईं। गुस्साए लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत जल निगम द्वारा किए गए कार्यों के बाद सड़कों पर छोड़े गए खुले गड्ढों की वजह से हो रहा है।

### खुले गड्ढे बने सड़क दुर्घटना का सबब

नगर पालिका क्षेत्र में जल निगम के कार्य पूरे होने के बावजूद सड़कों को ठीक से बहाल नहीं किया गया। बड़े-बड़े गड्ढे खुले पड़े हैं, जिनकी वजह से छोटी-बड़ी गाड़ियां फंस रही हैं और जाम की स्थिति पैदा हो रही है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि रोजाना इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

लोगों ने कटरा कोतवाली पुलिस और नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद जाम को नियंत्रित करने में नाकामी दिख रही है ।इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों मिर्जापुर नगर पालिका को तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने खुले गड्ढों को तत्काल भरने और सड़कों की मरम्मत कराने की अपील की है, ताकि आम नागरिकों को इस गर्मी में अतिरिक्त परेशानी न झेलनी पड़े ।जनता की मांगजल निगम और नगर पालिका तुरंत सड़कों की मरम्मत करे ।खुले गड्ढों को भरकर यातायात सुचारू किया जाए ।ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत किया जाए ।स्थानीय नागरिक अब इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**



रेणुकूट/ सोनभद्र केंद्रीय सरकार के बारह साल होने के अवसर पर प्रचार प्रसार अभियान के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय, पिपरी सोनभद्र में ईएसआई योजनाओं के माध्यम से बीमांकित श्रमिकों के हित में लिए गये निर्णयों एवं नवाचार के प्रचार प्रसार हेतु चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशुतोष दत्त त्रिपाठी के द्वारा एक संवाद कार्यक्रम (टॉक-शो) का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय रहा-

- कितने मासिक वेतन (-21,000/) के श्रमिक ईएसआई योजनाओं का लाभ लेने हेतु पात्र होते हैं।
- जिन जिन चिकित्सीय सुविधाओं को ईएसआई योजना के माध्यम से श्रमिकों को प्रदान किया जा रहा है।
- NEET-2026 में श्रमिकों के बच्चों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर एरकउ के मेडिकल कॉलेजों में टइइर की 700 सीटें केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा आरक्षित की गई हैं। जिसमें हंश्ङ्घि कढ का लाभ उठाने हेतु अंतिम तिथि 31 मई से बढ़ा कर 15 जून-2026 कर दी गई है।

इसके अलावा कार्यस्थल पर महिला कार्मिक यौन शोषण का शिकार न होने पाएं, इसके लिए केन्द्र सरकार के द्वारा लागू कानून POSH के लिए जागरुकता लाने तथा महिला कार्मिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों के साथ साथ, उन्हें कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के संबंध में भी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशुतोष दत्त त्रिपाठी द्वारा प्रकाश डाला गया।

# भाजपा मंडल 96 की बैठक में 21 जून तक के अभियानों पर चर्चा




**अमन लेखनी समाचार**

मिजार्पुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल 96 की मासिक कार्यसमिति बैठक शनिवार को गौरा शक्ति केंद्र, हनुमान मंदिर के पास संपन्न हुई। बैठक में 5 जून से 21 जून तक चलने वाले अभियानों की रूपरेखा तय की गई। मंडल अध्यक्ष प्रीतेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर और जिला उपाध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस, संपर्क से समर्थन अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान, विकसित भारत सम्मेलन, प्राकृतिक खेती कार्यशाला व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर चर्चा हुई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मंडल की बैठक कार्यकताओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र है। यहां संगठन की विचारधारा व कार्यक्रमों को समझकर धरातल पर उतारना जरूरी है। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। संचालन मंडल महामंत्री वरुण शुक्ला ने किया। उन्होंने शक्ति केंद्र संयोजकों व पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में भूपेंद्र, विनय, जीत बहादुर, मंगला प्रसाद, जनार्दन, राम ललित, सुधाकर, रमेश, विधि नारायण, विवेक, संतोष, राकेश, राजा राम समेत मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

मुंबई। हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

हॉलीवुड मसाला




## वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

नई दिल्ली। मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।




## बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखते हैं। जो फिल्मे उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आई हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।



## को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

नई दिल्ली। एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं... पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



## अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

मुंबई। 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है... और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

टीवी मसाला



## एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

नई दिल्ली। भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

### कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

नई दिल्ली। 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

## 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार



मुंबई। आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे। आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

## सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

मुंबई। सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

### टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

### हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

## 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनी साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



### फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

### कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

### क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

### संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पाप (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।